हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 39.7 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री


तेजी से चल रहा रिवरव्यू में सड़क बनाने का काम।



## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 10 तक

**बिलासपुर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले यह प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 तक निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से शुरू हुई थी। इसमें 17 वर्ष 6 माह से 21 वर्ष तक आयु वर्ग के युवा पात्र हैं। शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो 8वीं पास से लेकर स्नातक या डिप्लोमा धारक उम्मीदवार भी अलग-अलग पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए रोजगार कार्यालय, नगरीय निकाय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय महाविद्यालय, आईटीआई, जनपद पंचायत और नगर पंचायतों में सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### डिजिटल भुगतान बढ़ा 36.10 फीसदी

**बिलासपुर।** रेलवे ने डिजिटल भुगतान प्रणाली में भी बढ़त बनाई है। जानकारी के अनुसार यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से 20.67 फीसदी अनारक्षित टिकटों की बुकिंग हुई, जिससे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे गैर-उपनगरीय रेलवे में प्रथम स्थान पर रहा। पीआरएस काउंटरों पर डिजिटल भुगतान मार्च 2025 के 8.52 फीसदी से बढ़कर मार्च 2026 में 36.10 फीसदी तक पहुँचा, जो कैशलेस लेनदेन की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा रायपुर मंडल में एआई-सक्षम ड्रोन द्वारा ओएचई निरीक्षण प्रारंभ किया गया। भिलाई एवं कोरबा में एआई आधारित ऑटोमैटिक वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम स्थापित किया गया। हरित ऊर्जा के अंतर्गत 2,263 किलोवॉट पावर क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए।

### आपरेशन नन्हें फरिश्ते में 324 बच्चों को बचाया गया

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में आरपीएफ ने आपरेशन नन्हें फरिश्ते का अभियान चलाकर 324 बच्चों को बचाया है। वहीं रेलवे सुरक्षा बल ने 55.61 लाख रुपए के अवैध टिकट, 3.31 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ जब्त किया है। वहीं 1.72 करोड़ रुपए की चोरी गई संपत्ति यात्रियों को वापस दिलाई गई है। इसके साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 4193 नए कर्मचारियों की भर्ती कर कार्यबल को सुदृढ़ किया। सैलरी बैंक एकाउंट की व्यवस्था के अंतर्गत कर्मचारियों को 1 करोड़ रुपए का बीमा कवर प्रदान किया गया तथा दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु मोबाइल मेडिकल वैन सेवा प्रारंभ की गई।

### ट्रेन में छूटा बैग किया गया वापस

**बिलासपुर।** यात्री के भूलवश छूटे हुए बैग को आरपीएफ ने वापस किया है। जानकारी के अनुसार 18478 उत्कल एक्सप्रेस में कार्यरत टीटीई के द्वारा मोबाइल के माध्यम से सूचना दी गई कि कोच ए 1 के बर्थ 49 में एक नीले कलर का ट्रोली बैग लावारिस हालत में रखा हुआ है। सूचना पर उपनिरीक्षक एमके मीणा व आरक्षक देवेन्द्र कुमार ने गाडी को अटैंड किया, जहां टीटीई ने बैग को सुपुर्द कर दिया। बैग में कपडे एवं ताइक्वांडो किट के सामान थे। शुक्रवार को लिंक रोड निवासी शिवांश बाजपेयी पिता शैलेष बाजपेयी 28 साल ने आरपीएफ पोस्ट पहुंचकर बताया कि उसके फूफा भानु दीक्षित पिता संतोष दीक्षित 3 अप्रैल को गाडी संख्या 18478 में पेन्ड्रारोड से बिलासपुर तक सफर कर रहे थे। जल्दबाजी में आगे की यात्रा के लिए दूसरी ट्रेन में सवार हो गए। अपना बैग कोच ए 1 के बर्थ 49 में भूल गए। उक्त व्यक्ति को बैग दिखाया गया, जिसे उसने अपना बताया। पुष्टि करने और कागजी कार्रवाई के बाद उक्त व्यक्ति को बैग सुपुर्द कर दिया गया।

# शिक्षा सत्र शुरू भी हो गया, गरीब बच्चों का एडमिशन तो छोड़िए, 16 हजार आवेदनों की जांच तक नहीं हो सकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में नया शिक्षा सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो गया, लेकिन आरटीई के तहत पहली कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया धीमी है। 38,438 आवेदनों में से अब तक केवल 23,766 (62%) की ही जांच पूरी हुई है, जबकि 16 हजार से अधिक आवेदन लंबित हैं। कई जिलों में 10% से भी कम जांच हो पाई है। डीपीआई ने पंजीयन और नोडल वेरीफिकेशन के लिए 16 फरवरी से 31 मार्च तक समय तय किया था, लेकिन डेडलाइन के बाद भी प्रक्रिया अधूरी है। माना जा रहा है कि नोडल प्राचार्यों स्तर पर धीमी जांच इसकी मुख्य वजह है, जिससे आगे की प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अधिकांश जिलों में लंबित आवेदनों का नोडल वेरीफिकेशन ही समय पर नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही कुछ जिलों में अधिक तो कुछ जिलों में सीटों के मुकाबले कम आवेदन आए हैं। इधर नोडल वेरीफिकेशन के बाद 13–17 अप्रैल के बीच लॉटरी से स्कूल आवंटन होना है लेकिन जांच और तैयारियां अधूरी रहीं तो एडमिशन शेड्यूल बढ़ सकता है। इसके कारण अभिभावकों को भटकना पड़ सकता है।

### आरटीई एडमिशन में सुस्ती, अब तक सिर्फ 62% आवेदनों की ही हुई जांच, 16 हजार से ज्यादा पेंडिंग




### पूरी एडमिशन प्रक्रिया में अगस्त बीत जाएगा

इन जिलों में अधिक आवेदन

| जिला | कुल स्कूल | आरटीई सीट | प्राप्त आवेदन |
|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 562 | 2131 | 3912 |
| रायपुर | 829 | 3096 | 7485 |
| रायगढ़ | 246 | 740 | 1042 |
| जांजगीर चांपा | 463 | 722 | 1408 |
| कोरबा | 302 | 777 | 2291 |
| दुर्ग | 528 | 1427 | 3485 |

इधर एडमिशन प्रक्रिया पर नजर डालें तो आरटीई के तहत छात्र पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च रखी गई थी। अब प्राप्त आवेदनों को नोडल अधिकारी द्वारा जांच के बाद स्वीकृत किया जाएगा। काउंसिलिंग प्रक्रिया में 13 से 17 अप्रैल तक लॉटरी एवं आवंटन होगा। जिसके बाद छात्रों को 1 से 30 मई तक प्रवेश लेने होंगे। द्वितीय चरण की प्रक्रिया 8 जून से शुरू हो जाएगी। जिसमें नए स्कूलों का रजिस्ट्रेशन होगा। उसके बाद 1 से 11 जुलाई तक छात्र पंजीयन होंगे। फिर 27 से 31 जुलाई तक लॉटरी एवं आवंटन होगा। जिसके बाद छात्रों को स्कूल में दाखिला 3 से 17 अगस्त तक लेना होगी।

- कुल आवेदन - 38,438
- जांच पूरी - 23,766
- लंबित आवेदन - 14,600

### बिलासपुर, रायपुर में सीटों के लिए होड़

इधर आरटीई (निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार) के तहत निजी स्कूलों में दाखिले के लिए इस बार तस्वीर असमान नजर आ रही है। राज्य के 6861 स्कूलों में




कुल 21,698 सीटों के मुकाबले 38,438 आवेदन प्राप्त हुए हैं। यानी औसतन हर सीट पर करीब 1.77 आवेदन आए हैं, लेकिन यह औसत तस्वीर वास्तविक असंतुलन को छुपा देती है, क्योंकि कई जिलों में सीटों से कई गुना ज्यादा आवेदन हैं, जबकि कुछ जिलों में सीटें खाली रहने की नौबत है। राज्य के 33 जिलों में से 11 जिले ऐसे हैं जहां सीटों से कम आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी जिलों के डेटा को देखा जाए तो रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में सीट के लिए होड़ है तो बस्तर क्षेत्र में सीटें खाली रहने की संभावना है।

### आवेदनों की जांच पूरी

चरणों के आधार पर ही एडमिशन की प्रक्रिया की जा रही है। आवेदनों की जांच लगभग पूरी कर ली गई है। पहले चरण में काउसंलिंग प्रक्रिया में 13 से 17 अप्रैल तक लॉटरी एवं आवंटन होगा।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

### जिन व्यापारियों ने दुकान खरीद ली वे काम्प्लेक्स में शिफ्ट भी नहीं हो पा रहे हैं

# 12 करोड़ में बने प्रीमियम शापिंग काम्पलेक्स में बिजली तक नहीं, अब ट्रांसफार्मर लगवा रहे

प्रीमियम जगह की 29 दुकानों को लेने के लिए भी तैयार नहीं दो साल से लोग परेशान


पुराना बस स्टैण्ड के पास नगर निगम द्वारा बनवाया गया व्यावसायिक काम्प्लेक्स।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने 12 करोड़ रुपए खर्च कर इमलीपारा में व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाया है। इसका किराया इतना अधिक रखा गया है कि 29 दुकानें अभी भी खाली हैं।

प्रीमियम जगह की दुकानें खाली रहने पर सवाल भी उठ रहे हैं तो साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि जिन गरीब दुकानदारों को निगम ने हटाया था, वे कैसे इतनी ऊंची बोली पर दुकानें ले पाएंगे। यहीं नहीं जिन व्यापारियों ने दुकान खरीद भी ली है वे इस काम्प्लेक्स में शिफ्ट भी नहीं हो पा रहे हैं क्योंकि निगम यहां बिजली तक नहीं लगवा सका है। अधिकारियों का कहना है कि बिजली विभाग के पास इसकी राशि जमा कर दी है और ट्रांसफार्मर लग रहा है। पुराने बस स्टैंड रोड और इमलीपारा रोड की दुकानों के आवंटन का मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। इसी बीच निगम ने 59 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर नवंबर 2025 में जारी किया था। भू तल की 22 दुकानों की नीलामी हो भी गई। इसमें निगम को 30 से लेकर 40 हजार रुपए तक किराया मिलेगा।

निगम के मुताबिक इन दुकानों से हर महीने 8 लाख 20 हजार और सालाना करीब एक करोड़ रुपए का किराया मिलेगा। शेष दुकानों के आबंटन के लिए कुछ दिनों बाद प्रक्रिया होगी। इन दुकानों का मासिक किरायाा 18 हजार से लेकर 80 हजार रुपए तक है, जिसे चुकाना छोटे दुकानदारों के लिए मुश्किल है।

### 30 दुकानों का हो चुका है आबंटन

इधर व्यापारियों का कहना है कि निगम ने तोड़फोड़ के समय दुकानें बनाकर देने का वादा किया था। अब इसे कुछ खास लोगों को दिया जा रहा है। निगम के मुताबिक अभी तक दो दौर में 27 दुकानों का आबंटन हो चुका है तो तीन दुकानें हाईकोर्ट के निर्देश पर दी गईं है। इधर हटाए गए दुकानदार पिछले दो साल से परेशान हैं। इनका कहना है कि आठ महीने के भीतर नई दुकानें बनाकर व्यापारियों को आवंटित कर दी जाएंगी लेकिन अब नियम कायदे बताए जा रहे हैं और परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है। जिन दुकानों का आबंटन हो चुका है वे भी शिफ्ट नहीं हो पा रहे क्योंकि काम्प्लेक्स में ट्रांसफार्मर नहीं लगा है और बिजली की व्यवस्था नहीं है।

### 11 महीने का किराया निगम के खाते में जमा

इधर निगम के मुताबिक दुकानों की किराए पर लेने के लिए अमानत राशि के 50 हजार रुपए का डीडी जमा करना होगा। टेंडर में यह भी शर्त थी कि एक ही क्रमांक की दो दुकानों की मांग आने पर उच्चतम दरदाता की अमानत राशि छोड़कर शेष की अमानत राशि मूलतः वापस कर दी जाएगी। इसके साथ ही 11 महीने का किराया निगम के खाते में जमा करना होगा। दुकानों का आवंटन मासिक किराएदारी पर तीन वर्ष के लिए होगा। हर तीन वर्ष में 15 प्रतिशत वृद्धि किराए में की जाएगी।

### ट्रांसफार्मर लग रहा

इमलीपारा में व्यावसायिक काम्प्लेक्स स्मार्ट सिटी ने बनाते हुए नगर निगम को हैंडओवर किया है। ट्रांसफार्मर के लिए बिजली विभाग के पास राशि जमा कर दी गई है। इससे पहले दो चरणों में 30 दुकानों का आबंटन हो चुका है। इनका अनुबंध भी हो गया है। बाकि 29 दुकानें भी जल्द आबंटित कर दी जाएंगी। ट्रांसफार्मर लग रहा है। दुकानदार बिजली कनेक्शन ले सकते हैं।

- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम कमिश्नर

### एडवोकेट से 3 करोड़ की ठगी का मामला




आरोपी से जब्त कार व गिरफ्तार आरोपी।

# बैंककर्मी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कैंसर अस्पताल, ब्लाइंड इंस्टीट्यूट, रियल एस्टेट एवं लॉ कॉलेज के 500 करोड़ रूपए के प्रोजेक्ट में इन्वेस्ट करने और पार्टनर बनाने का लालच देकर एडवोकेट से ठगी करने वाले आरोपियों को चकरभाठा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खास बात यह है सबसे पहले विदेशी बनकर वकील से 103 करोड़ की डिमांड क्लीयर का झांसा दिया गया और अलग अलग किश्तों में रुपए ट्रांसफर कराते हुए 3 करोड़ 13 लाख की आनलाइन ठगी की गई है। मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस की गिरफ्त में आया युवक एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी है।

- डिमांड ड्राफ्ट क्लियरेंस की प्रक्रिया के नाम पर लिए रूपए

चकरभाठा टीआई उमेश साहू ने बताया कि साल 2024 में प्रार्थी एडवोकेट के पास विदेश से व्हाट्सएप में मैसेज के जरिए बातचीत शुरू हुई। जिसमें खुद को ग्रेट ब्रिटेन निवासी डॉ. लोव्हीत बताया। उनसे कहा कि सुप्रीम कोर्ट में एक केस है। प्राथी ने कहा वे सुप्रीम कोर्ट का केस नहीं देखते, डॉ लोव्हीत ने एडवोकेट को बताया कि लंदन की एक महिला क्रिस डेविड छत्तीसगढ़ में कैंसर अस्पताल, ब्लाइंड इंस्टिट्यूट, रियल एस्टेट एवं लॉ कॉलेज में लगभग 500 करोड़ रुपये निवेश करने तथा प्रार्थी को पार्टनर बनाने का प्रस्ताव दिया। इस झांसे में आकर प्रार्थी द्वारा प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराई गई एवं व्हाट्सएप के माध्यम से निरंतर संपर्क बना रहा। जून 2024 को महिला के भारत आने और स्कॉटलैंड बैंक से जारी लगभग 103 करोड़ रुपये के डिमांड ड्राफ्ट के क्लियरेंस की प्रक्रिया के नाम पर प्रार्थी से अलग-अलग बहानों से रकम की मांगी गई। यह रकम दैनिक खर्च, ठहरने एवं अन्य औपचारिकताओं के नाम पर राशि ली गई, और एंबेसी, बैंक, प्रवर्तन निदेशालय, आरबीआई एवं कस्टम संबंधी कार्रवाई के नाम पर एडवोकेट से रूपए ली जाती रही। जूलाई 2024 तक विभिन्न खातों से आरटीजीएस एवं ऑनलाइन माध्यम से लगभग 11 लाख 50 हजार रुपये और आरोपी नवीन जून के खाते में विभिन्न किस्तों में 3 करोड़ 13 लाख 13 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी नवीन जून द्वारा अपने मोबाइल से विभिन्न फर्जी ईमेल आईडी बनाकर स्वयं को बैंक, एंबेसी एवं अन्य संस्थाओं का अधिकारी बताकर प्रार्थी को भ्रमित करते हुए डिमांड ड्राफ्ट क्लियरेंस के नाम पर सुनियोजित तरीके से ठगी की गई। पुलिस की ने उससे सारे राज उगलवा लिए हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बैंक में सेलिंग एजेंट के तौर पर कार्यरत

बताया जा रहा है कि पुलिस की पकड़ में आने वाले आरोपी नवीन जून पिता आजाद जून उम्र 34 वर्ष मूलतः सोनीपत हरियाणा का रहने वाला है और तोरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवरीखुर्द में रहता है। आरोपी एचडीएफसी बैंक में डायरेक्ट सेलिंग एजेंट के रूप में कार्यरत है। पुलिस के अनुसार बैंकिंग प्रक्रिया की जानकारी का दुरुपयोग करते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर ठगी को अंजाम दिया है।

### भेजा गया है जेल

विवेचना के दौरान आरोपी के कब्जे से पुलिस ने थार और वेन्यू वाहन के साथ ही मोबाइल फोन, टैबलेट एवं लैपटॉप जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार मामले में अन्य आरोपियों के शामिल होने का संदेह बना हुआ है। जिसकी पहचान की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया गया है।

### रेलवे जीएम तरुण प्रकाश ने कहा- तीनों डिवीजन में हो रहा अधोसंरचना का कार्य

# रेलवे ने इस वर्ष 8.30 करोड़ से अधिक यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन में नई रेल लाइन और अन्य अधोसंरचना का काम किया जा रहा है। इस कार्य के बाद यात्री गाड़ियों की अपेक्षा मालगाड़ियों की रफ्तार में बढ़ोत्तरी हुई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान यात्री सेवाओं, संरक्षा, माल-ढुलाई, आधारभूत संरचना, डिजिटल पहल तथा तकनीकी नवाचार के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए एक बार फिर भारतीय रेल में अपनी अग्रणी भूमिका को सुदृढ़ किया है। शुक्रवार की दोपहर एसईसीआर महाप्रबंधक सभागार जीएम तरुण प्रकाश प्रेसवार्ता के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यात्रियों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इस वर्ष 8.30 करोड़ से अधिक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12 फीसदी अधिक है। मेल,एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या 35,469 तथा पैसेंजर ट्रेनों की संख्या 50,407 तक पहुंची। वर्ष के दौरान 4 नई ट्रेन सेवाएं प्रारंभ की गई और 7 ट्रेनों का विस्तार किया गया। 36 ट्रेन जोड़ियों में 28 नए ठहराव प्रदान किए गए। यात्रा को अधिक सुरक्षित एवं आरामदायक बनाने हेतु 5 आईसीएफ रेकों को आधुनिक एलएचबी कोचों में परिवर्तित किया गया। त्यौहारों के दौरान 32 आरक्षित विशेष ट्रेनों के 126 ट्रिप एवं 9 अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलाई गईं। पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु भारत गौरव ट्रेनों के 84 ट्रिप संचालित किए गए। जीएम तरूण प्रकाश ने बताया कि रेल संरक्षा के क्षेत्र में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए दुर्घटनाओं में 45 फीसदी की कमी दर्ज की। 18 रोड ओवर ब्रिज एवं 27 रोड अंडर ब्रिज बनाकर 34 लेवल क्रॉसिंग समाप्त किए गए तथा 7 गेटों का इंटरलॉकिंग कार्य पूर्ण किया गया। सिग्नलिंग में सुधार के तहत 11 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग तथा 25 स्टेशनों पर ईआई मॉडिफिकेशन किया गया। कवच प्रणाली के अंतर्गत 101 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में स्थापना के साथ ट्रैक साइड कार्यों में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई। सभी कोचों में अग्नि-निरोधक प्रणाली, 212 कोचों में एरोसोल आधारित अग्निशमन प्रणाली, 58 स्टेशनों पर फायर अलार्म तथा 343 किमी सुरक्षा फेंसिंग प्रदान की गई।




### माल लदान में कीर्तिमान

जोन के जीएम ने एसईसीआर की उपलब्धियों की जानकारी देने के बाद माल लदान के संबंध में बताया कि रेलवे ने 261 मिलियन टन माल-ढुलाई कर नया कीर्तिमान स्थापित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.1 फीसदी अधिक है।

इस उपलब्धि के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भारतीय रेल में द्वितीय स्थान पर रहा। कोयला परिवहन में 199.50 मिलियन टन का राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिससे ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती मिली। इससे कुल 32000 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया, जिसमें 30,400 करोड़ रुपए से अधिक आय माल-ढुलाई से प्राप्त हुई। परिचालन अनुपात 54.87 फीसदी से सुधरकर 53.30 फीसदी हो गया, जो दक्षता में सुधार का प्रमाण है।

### 125 किलोमीटर नई लाइन कमीशनिंग

जीएम तरूण प्रकाश ने बताया कि बुनियादी ढाँचा एवं यात्री सुविधाओं का विस्तार में पिछले 10 वर्षों में 1475 किमी लंबी 15 परियोजनाएं पूर्ण की गईं। वर्तमान वर्ष में 125 किलोमीटर नई लाइन का कमीशनिंग के साथ 2790 किमी की 41 परियोजनाएं स्वीकृत एवं प्रगति पर हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 50 स्टेशनों पर कार्य जारी है, जिनमें 17 स्टेशनों पर प्रथम चरण पूर्ण किया जा चुका है। यात्रियों की सुविधा हेतु 14 लिफ्ट, 12 एस्केलेटर, 12 फुट ओवर ब्रिज, 9 प्लेटफॉर्म उन्नयन एवं 9 स्टेशनों पर नए शौचालय बनाए गए। रेल मदद पोर्टल के माध्यम से 51000 से अधिक शिकायतों का निराकरण किया गया।


Rera Registration No.
PCGRERA050625001938
Aasma
जिस पर विश्वास एक परंपरा है।
अपने परिवार को नई रजिस्ट्री दरों का तोहफा देकर
अपने परिवार को दें एक ऐसा आसमां
जो दिल को भी भाए और जीवन को भी सजाए।
RERA APPROVED
1600 परिवारों का अटूट भरोसा
प्लाट की क़ीमत
14 लाख से 50 लाख तक
घर की क़ीमत
19.5 लाख से शुरू
AASMA BUILDERS & COLONISERS LTD.
Aasma City, Near Jain International School,
Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)
For More Details Contact
+91 9984999855
+91 9981620000
+91 9755855116
For more information scan this QR code
J.J.Ad

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यक्रम

## स्वच्छ अरपा सायक्लोथॉन कल फिटनेस को मिलेगा बढ़ावा

**बिलासपुर।** फिटनेस, स्वास्थ्य और साइक्लिंग संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "स्वच्छ अरपा सायक्लोथॉन बिलासपुर 2026" का भव्य आयोजन आगामी रविवार को प्रातः 5:30 बजे किया जाएगा। इस आयोजन में नगर पालिका निगम बिलासपुर का सहयोग रहेगा। इस संबंध में शुक्रवार को नेहरू नगर में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजक एसएमएस टीम के संस्थापक प्रदीप साहू एवं अंतरराष्ट्रीय साइक्लिस्ट तथा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी संतोष गुप्ता ने आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सायक्लोथॉन 25 किलोमीटर की होगी, जिसका प्रारंभ मुंगेली नाका ग्राउंड से सुबह 5:30 बजे किया जाएगा। रेस का रूट मुंगेली नाका से नेहरू चौक, वहां से कोनी, फिर सकरी नेशनल हाईवे होते हुए मंगला चौक मार्ग से पुनः मुंगेली नाका तक निर्धारित किया गया है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह एवं नगर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे की उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा कार्यक्रम में रैपर ललित साहू, दादा 2211 और कनक साहू की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र होगी। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. आकांक्षा साहू, शिखा साहू, प्रकृति खन्ना, लवण्या कश्यप, साक्षी खरे, टोफीक खान, मनु राज, जय चंद्राकार, उज्जवल भारत एवं मनीष यादव शामिल होंगे।



# क्रूस रैली निकली, प्रभु यीशु की वाणियों पर किया चिंतन





शहर के विभिन्न चर्च में विशेष आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मसीही समाज ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे मनाया, यह पर्व मसीहीजन शोक दिवस के तौर पर मनाते हैं। कहते हैं कि यहूदी शासकों ने ईसा मसीह को तमाम शारीरिक और मानसिक यातनाएं देने के बाद शुक्रवार को ही सूली पर चढ़ाया था। चूंकि यीशु ने मानव जाति के लिए हंसते-हंसते अपना जीवन कुर्बान कर दिया था, इसलिए इस शुक्रवार को ईसाई धर्म के लोग 'गुड फ्राइडे' के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर शहर के विभिन्न चर्चों में अलग-अलग कार्यक्रम व आराधनाएं हुई। आराधना के दौरान चर्च की क्वायर द्वारा यीशु की सात वाणियों पर आधारित भक्ति गीतों का गायन किया गया। साथ ही चर्च के अन्य गायकों ने भी भावपूर्ण गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान मसीहियों ने यीशु की मृत्यु से पहले अंतिम समय में क्रूस पर कहे गए सात वाणियों पर गहन मनन-चिंतन किया। बताया गया कि ईसा मसीह ने हमारे पापों के लिए स्वयं को सूली पर चढ़ा दिया और अपने प्राणों की आहुति दे दी, ताकि हमें अपने पापों से छुटकारा मिले। ईसा मसीह की शिक्षाएं पूरे मानव समाज के लिए हैं। वहीं क्रूस रैली भी निकाली गई, इस दौरान मसीहियों ने यीशु की मृत्यु से पहले क्रूस पर कहे गए सात वाणियों पर गहन मनन-चिंतन किया। समाज के लोगों से इन वाणियों को आत्मसात करने का आग्रह किया गया।

### कल मनाया जाएगा ईस्टर

प्रभु यीशु को मृत्यु के बाद कब्र में रखा गया, परन्तु तीसरे दिन यानी रविवार को वे पुनर्जीवित हुए, जिसे ईस्टर के नाम से जाना जाता है। इस दिन समाज द्वारा ईस्टर मनाया जाएगा। रविवार को ईस्टर संडे मनाया जाएगा कार्यक्रम सुबह 7 बजे से आरंभ होगा, सुबह 10 बजे पुनरुत्थान पर्व की आराधना होगी।

आयोजन

## लायंस क्लब की बैठक में पदाधिकारियों का चयन



**बिलासपुर।** इंटरनेशनल क्लब लायंस क्लब स्माइल 3233 सी की बीओडी मीटिंग रखी गई, जिसमें 2026- 27 का नवीन पदाधिकारी का चयन किया गया एवं इसके साथ ही मेंबरशिप ग्रोथ, मई जून की सेवा गतिविधि रीजन कॉन्फ्रेंस, कैबिनेट में उपस्थिती क्लब प्रोजेक्ट एवं महिला सशक्तिकरण,संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर एमजीएफ आशीष अग्रवाल, रीजन सचिव अर्चना तिवारी उपस्थित रहे। क्लब के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में रीता राजगीर को पुन अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया, सचिव दीप्ति साहू एवं कोषाध्यक्ष ज्योति नामदेव को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर डॉ सुरभि राजगीर सचिव, डॉ सविता पांडे, सुनीता विश्वकर्मा, ज्योति सिंगरौल, निशा सक्सेना, रिद्धि मेहता, कामिनी स्वर्णकार, अलका नामदेव,लक्ष्मी निर्मलकर,नेहा अमित सोनी , सीमा श्रीवास्तव सुषमा सिन्हा अनन्या साहू भारती सोनी सुनीता सोनी उपस्थित रही।

# ये चमक ये दमक, फुलवन में महक से गूंजा शहर

हनुमान जन्मोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को भी मंदिरों पूजन व भंजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री हनुमान सेवा समिति एवं मित्रगण रामसेतु चौक सरकंडा में प्रसिद्ध भजन गायक पंडित सुधीर व्यास द्वारा भगवान के भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। भजनों में ये चमक ये दमक जैसे कई भजन से समा बांधा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



हनुमान जन्मोत्सव पर समिति की 200 से अधिक माताओं बहनों द्वारा सुंदरकांड का भव्य महापाठ किया गया, साथ ही भक्तजनों द्वारा श्री हनुमान चालीसा सामूहिक महापाठ, श्री रामस्तुति पाठ एवं श्री हनुमान जी की महाआरती का कार्यक्रम संपन्न कर भव्य भंडारा किया गया। इस दौरान मुख्य आकर्षक का केन्द्र राम लक्ष्मण जानकी एवं हनुमान की झांकी और आतिशबाजी का कार्यक्रम रहा।



### मातृशक्तियों ने किया प्रसाद वितरण



हनुमान जन्मोत्सव पर गौरी शंकर हनुमान मंदिर गोल बाजार में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, भंडारा में मातृशक्ति के द्वारा सर पर रंग बिरंगी पगड़ी पहन कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में कोटा के विधायक अटल श्रीवास्तव, महापौर पूजा विधानी, बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजीत मिश्रा उपस्थित थे। समस्त अतिथियों के द्वारा सभी भक्तगणों को प्रसाद वितरण किया गया भजन गायक अंचल शर्मा तथा युगल शर्मा के द्वारा शानदार भजन प्रस्तुत किए गए। इस आयोजन में युगल शर्मा पूर्व पार्षद राजेश मिश्रा शेखर मुदलियार, अनिल खंडेलवाल, गोपाल शर्मा, सुनील खंडेलवाल, मनोज भंडारी मौजूद थे।

### हनुमान चालीसा का पाठ



नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति महिला प्रकोष्ठ संरक्षिका मीरा मिश्रा, डॉ आरती पांडे, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष किरण बाजपेई, महिला प्रकोष्ठ सचिव ममता दुबे, नमिता बाजपेयी सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी द्वारा राम मंदिर में 11 बार हनुमान चालीसा का श्रद्धापूर्वक पाठ किया गया।

### अटल विवि परिसर में आरती एवं प्रसाद वितरण



अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, के गांधी चौक स्थित परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. डॉ. ललित प्रकाश पटेरिया , कुलसचिव परीक्षा नियंत्रक, शिक्षकगण एवं वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई। सभी ने समाज सेवा एवं धार्मिक आस्था के प्रति अपनी महती भूमिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंतर्गत श्रद्धापूर्वक आरती संपन्न कर भक्तों के बीच भव्य प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर लक्की साहू, परमेश्वर साहू, चिन्मय, कोहिमा सिंह, दीप्ति टांडे, रुद्राक्ष मेहरा, रोहन प्रकाश, यामिनी, अविनाश सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

### कुदूदंड हनुमान मंदिर में सुंदरकांड



कुदूदंड हनुमान मंदिर में सतत सुंदरकांड में शामिल शुभम विहार मानस मंडली के अखिलानंद पाण्डेय, ललित अग्रवाल, प्रमोद अवस्थी, भूपेंद्र यादव, विनोद अवस्थी, ए के स्वर्णकार, ईश्वर तिवारी, डी पी सक्सेना के साथ सैकड़ों भक्तगण।

उत्सव

## जैन समाज के बालक-बालिकाओं ने 9 दिन रखा कठिन व्रत



**बिलासपुर।** श्री दशा श्रीमाली स्थानकवासी जैन संघ में नव पद की आयंबिल ओली पिछले 9 दिनों से की जा रही है। इस तप मे 9 दिनों तक लगातार तेल किसी भी प्रकार के मसाले के बिना भोजन ग्रहण दिन में एक बार किया जाता है। यह नीरस तप के रूप में किया जाता है। तप में समाज के सबसे छोटे 12 वर्षीय अर्हम तेजाणी ने भी 9 दिनों तक इस कठिन तपस्या को किया। यह तप समाज के 12 श्रावक श्राविकाओं ने किया है, 9 दिन व्रत करने के बाद उसका पारणा उत्सव मनाया गया । पारणा उत्सव में समाज के समस्त सदस्यों उपस्थित रहे और तप की अनुमोदना के साथ-साथ तपस्वीयों की साता पूछी गई। यह तप बहुत ही दुर्लभ रूप से किया जाता है यह तप करने वाले 24 घंटे में एक बार भोजन ग्रहण करते हैं यह बहुजन के सभी पदार्थ उबाल कर बनाए जाते हैं। जिसमें मिर्च मसाले एवं तेल का उपयोग नहीं किया जाता है। सादा उबला हुआ भोजन प्रत्येक जन द्वारा किया जाता है । साथ है सूर्योदय से सूर्यास्त तक उबला हुआ पानी अर्थात गर्म पानी पिया जाता है।

# संसद से सड़क तक की पटकथा का नाट्य मंचन कर दिया संदेश

देश के जाने-माने फिल्म अभिनेता व रंगमंच के कलाकार राजेंद्र गुप्ता ने धूमिल की कविता पटकथा, संसद से सड़क तक का शानदार मंचन किया। प्रगतिशील लेखक संघ और इप्टा द्वारा आयोजित इस नाट्य मंचन में गहरी नाटकीय अभिव्यक्ति लिए कविता को एकल अभिनय में प्रस्तुत कर राजेन्द्र गुप्ता आखिर तक दर्शकों को बाँधे रखने में सफल रहे। जब वे अपने अभिनय और प्रभावी आवाज से दर्शकों को कविता के भीतर ले जाते हैं तो कभी तालियाँ और कभी गहरा सन्नाटा प्रतिक्रिया बनता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्नर न्यूज

कविता में प्रारंभ से अंत गहरी निराशा, तनाव और गुस्सा है। अपने अभिनय कौशल से राजेन्द्र इसे प्रस्तुत करने में सफल रहे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सभागृह में उन्होंने दर्शकों के सवालों के जवाब भी दिए और बिलासपुर के कला प्रेमी दर्शकों की तारीफ भी की। अपने नाट्य मंचन के माध्यम से जनता को संदेश देने का प्रयास कि नैतिकता की दुहाई देने वाले जिसकी पीठ ठोकते हैं उसकी रीढ़ की हड्डी गायब हो जाती है जिस अंदाज़ में उन्होंने कहा कि पूरा सभागृह तालियों से गूंज उठा। राजेंद्र के स्वर का उतार-चढ़ाव उनकी प्रस्तुति को और प्रभावी बनाते रहा। लंबी कविता का मंचन यूं भी चुनौती होती है पर राजेन्द्र अपने अभिनय कौशल और कविता की समझ के कारण सफल रहे। एक जगह उन्होंने कहा कि शायद में नींद में अपने से ही बात कर रहा था। वहीं कविता के माध्यम से वे कहते हैं कि जिसने सच कह दिया उसका बुरा हाल है। कविता पटकथा के नाट्य मंचन का निर्देशन आर एस विकल ने किया और संगीत आदित्य शर्मा का था। कार्यक्रम शुरू होने के पहले मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कथाकार लोक बाबू ने अपने संबोधन में शुभकामनाएँ दी और कहा कि धूमिल की इस कविता का आज मंचन और ज़्यादा महत्वपूर्ण है। उस समय उठाए गए सवाल आज भी हमें बेचैन करते हैं। डॉ राकेश सक्सेना, डॉ आर ए शर्मा,अरुण दाभडकर,हबीब खान,नथमल शर्मा ,सत्यभामा अवस्थी, रफीक खान, अजय श्रीवास्तव , अजय नज़ात , सचिन शर्मा, नरेश अग्रवाल,कल्याणी वर्मा सहित शहर के साहित्य प्रेमियों ने उनका स्वागत किया।





### कविता प्रेमी राजेंद्र गुप्ता

रंगकर्मी और अभिनेता राजेन्द्र गुप्ता कविता प्रेमी हैं। पिछले एक दशक से हिन्दी कविताओं का पाठ वह निरंतर करते रहे हैं। कविता पाठ या काव्य आवृत्ति एक स्वतंत्र विधा है। राजेन्द्र गुप्ता इसमें पारंगत हैं। सही अर्थों में यह रंग निर्देशक आर एस विकल के निर्देशन में धूमिल की कविता का मंचन था जिसके मुख्य किरदार राजेन्द गुप्ता थे। इस प्रस्तुति में राजेन्द्र गुप्ता अपने काव्य पाठ के आरोह-अवरोह, टोन और आंगिक क्रियाओं के माध्यम से दर्शकों के भावतंत्र को कभी पीड़ा और हताशा की नदी में डुबो देते हैं तो कभी अपनी प्रखर और ओजस्वी वाणी से झकझोर देते हैं। नाट्य निर्देशक विकल कविता के कई अंशों को वॉयस ओवर की माध्यम से पेश करते है। पाँच दशक पहले लिखी गई कविता पटकथा आज भी सवाल कर रही है और जिन सवालों के जवाब आप तलाश कर रहे हैं वे ही जवाब तो हम भी तलाश कर रहे हैं। कविता पटकथा के नाट्य मंचन के बाद सुप्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता और रंगमंच के लिए समर्पित कलाकार राजेन्द्र गुप्ता ने दर्शकों के सवाल के जवाब में उक्त बातें कहीं।



शिविर

## दिव्यांग वृध्दजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए



**बिलासपुर।** धर्म जागरण समन्वय एवं वार्ड नंबर 32 शहिद विनोद चौबे नगर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दिव्यांग शिविर जो की 5 अप्रैल तक चलेगा। इसी कड़ी में शुक्रवार को तीसरे दिन दिव्यांग जनों को निर्मित हाथ एवं पैर तथा कैलीपर का वितरण कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज से अरविंद दीक्षित स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष समाजसेवी चंचल सलूजा एवं कोषाध्यक्ष प्रभात मिश्रा एवं प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ ललित मखीजा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उत्कर्ष दुबे मंच पर उपस्थित रहे। वार्ड पार्षद अमित तिवारी द्वारा सभी को गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन एवं स्वागत किया गया तत्पश्चात मंच संचालन कर रहे भृगु अवस्थी द्वारा इस आयोजन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया,अतिथियों के हाथों आए हुए दिव्यांग जनों को उनके कृत्रिम अंग प्रदान किए गए जिन्हें वह पहनकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। अंत में आयोजन करता एवं अतिथियों ने महावीर सेवा सदन कोलकाता से आए हुए डॉक्टर एवं टेक्निशियनों का आभार जताया।

## खबर संक्षेप

### श्रीराम कथा एवं नवचंडी यज्ञ का शुभारंभ आज से



**बेलतरा।** ग्राम बामहुं के माता-चौरा मां महाकली मंदिर प्रागण मे 4 से 12 अप्रैल तक श्रीराम कथा एवं नवचंडी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में कथा प्रवक्ता अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास स्वामी आत्मानंद गिरी महाराज रहेंगे। सर्वप्रथम मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी फिर वेदी पूजन, पांचांग पूजन, अग्नि स्थापना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के लिए समस्त क्षेत्रवासी एकजुट हो रहे हैं। यह आयोजन सनातन धर्म को मजबूत करने एवं समस्त क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी पंडित अभिषेक महाराज ने प्रदान की।

### परधान युवा संगठन का वार्षिक सम्मेलन कल

**बेलतरा।** परधान युवा संगठन रतनपुर इकाई की ओर से वार्षिक 'सामाजिक चर्चा एवं वन भोज' कार्यक्रम 5 अप्रैल रविवार को खूंटाघाट बांध में किया जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने रतनपुर इकाई अंतर्गत आने वाले सभी 12 गांवों के परधान युवाओं को आमन्त्रित किया गया है। इस सम्मेलन में युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के साथ-साथ अपने समाज को एकजुट और मजबूत करने के लिए रणनीति तैयार करने के विषय पर चर्चा की जाएगी। साथ ही पूर्व वर्ष में किए कार्यों की समीक्षा कर उसमें नए योजनाएं जोड़ी जाएंगी। संगठन महामंत्री चरण सिंह परधान ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में उपस्थित होने की अपील की है।

### मौसम ने अचनाक बदली करवट, जनजीवन अस्त-व्यस्त



**लोरमी।** शुक्रवार के देर शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज अंधड़ के साथ हुई बारिश ने क्षेत्र में जनजीवन को प्रभावित कर दिया। पंडरिया मुख्य मार्ग पर स्थित 50 बिस्तर अस्पताल के पास एक पीपल के वृक्ष का आधा हिस्सा धराशायी हो गया, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन बाधित रहा एवं विद्युत सर्विस कनेक्शन के तार टूट गए, जिसे विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद दुरुस्त किया। कड़ी मेहनत के बाद मोहल्ले वालों ने पेड़ को काटकर मुख्य मार्ग से हटाया एवं व्यवस्था दुरुस्त करने में मदद की।

### अवैध देसी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**जरहागांव।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब बिक्री एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को सूचना के आधार पर जरहागांव थाना क्षेत्र के ग्राम ठकुरीकापा में कार्रवाई की गई। प्राप्त सूचना के अनुसार आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम ठकुरीकापा स्थित मोहन कोसले के मकान में दबिश देकर तलाशी ली, जिसमें 7.2 बल्क लीटर देशी शराब बरामद की गई। आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख), 34(2) एवं 59(क) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## निधन

### रामजी लाल साहू



**बिलासपुर।** ग्राम सांकर अकलतरा निवासी रामजी लाल साहू का 99 वर्ष की आयु में 3 अप्रैल को निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे खुलेश्वर, मधेश्वर साहू के पिता एवं, विनोद, डॉ. राकेश, रवि और राजीव साहू के बड़े पिता थे।

### विनोद बैस



**बिलासपुर।** मधुबन रोड निवासी विनोद बैस का 3 अप्रैल को दोपहर 1 बजे निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम में 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे होरीलाल बैस के छोटे भाई व हर्ष और हर्षिता के पिता थे।

### बहोरन लाल कौशिक



**बिलासपुर।** ग्राम पंचायत खम्हरिया (काठाकोनी) निवासी बहोरन लाल कौशिक उम्र 64 वर्ष का 3 अप्रैल को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम गृह ग्राम में किया गया, जिसमें परिजनों सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान शुरू

# भाजपा एक परिवार की तरह कार्य करती है: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी




उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने शुक्रवार को कबीर भवन में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित दो दिवसीय पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के शुभारंभ सत्र में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर श्री साव ने कहा कि, भाजपा एक अनुशासित पार्टी है, जो अपने प्रत्येक कार्यकर्ता को योग्य, परिपक्व और वैचारिक रूप से मजबूत बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि, सीखना एक सतत प्रक्रिया है। इसी उद्देश्य से इस प्रशिक्षण अभियान का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि, समय के साथ सभी को उनका अधिकार मिलता है और अच्छा कार्य करने वालों को उसका फल अवश्य मिलता है। भाजपा एक परिवार की तरह कार्य करती है, जहां निष्ठा और समर्पण का विशेष महत्व है। कार्यकर्ताओं से ही पार्टी मजबूत होती है और यहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिलता है। भाजपा में एक साधारण कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष तक बन सकता है। पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र ठाकुर ने कहा कि, भाजपा में नेता नहीं, बल्कि कार्यकर्ता बनकर रहना सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा कि, पद चाहे कोई भी हो, अंत में सभी को कार्यकर्ता के रूप में ही जनता के बीच रहना होता है।

शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, वरिष्ठ नेता कोमल गिरी गोस्वामी, जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, विनय साहू, गुरमीत सलूजा, अंजना दास, रामेश्वर बंजारे, रवि शर्मा मंडल अध्यक्ष, सुशील यादव, राजेंद्र साहू, दिनेश कश्यप, लेखराज सिंह ठाकुर, प्रदीप मिश्रा, धनीराम यादव, महाजन जायसवाल सहित लोरमी एवं देवरहट मंडल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संगठन सृजन कार्यक्रम अंतर्गत कांग्रेस की बैठक



**तखतपुर।** संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को बेलपान मंडल के विजयपुर में कार्यकर्ता साथियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, जमीनी स्तर पर विस्तार एवं बूथ-पंचायत स्तर तक सक्रिय कार्यकारिणी गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी, मंडल अध्यक्ष गोविन्द साहू एवं सेक्टर अध्यक्ष नितिन सेंगर ने कहा कि, संगठन की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में होती है। जब हर बूथ और हर पंचायत में सक्रिय टीम खड़ी होगी, तभी संगठन मजबूत होकर जन-जन की आवाज बन पाएगा। उन्होंने सभी साथियों से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ संगठन सृजन अभियान को सफल बनाएं।

# लोरमी विखं के पीवीटीजी परिवारों का होगा सर्वे



**लोरमी।** पिछड़ी जनजाति परिवारों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। पीवीटीजी परिवारों के डेटा संकलन एवं एंटाइटलमेंट कार्ड सर्वेक्षण के लिए विकसित मोबाइल 'सर्वे एप' के माध्यम से व्यापक सर्वे कार्य कराया जाएगा। इस संबंध में जनपद पंचायत के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि, लोरमी विखं अंतर्गत 41 पीवीटीजी बस्तियों के 2 हजार 112 से अधिक परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। सर्वेक्षण में पात्र पाए गए हितग्राहियों को एंटाइटलमेंट कार्ड प्रदान किया जाएगा। सर्वेक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रशिक्षण का उद्देश्य सर्वेक्षण दलों को मोबाइल एप के उपयोग, डेटा कैप्चर प्रक्रिया एवं पात्र हितग्राहियों की सही पहचान के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है, ताकि सर्वे कार्य पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा हो सके। प्रशिक्षण में वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग तथा जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीपत धान खरीदी केंद्र में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

■ रिकॉर्ड में 1215, मौके पर सिर्फ 177 बोरियां मिलीं



जिला प्रशासन के सख्त निर्देश पर शुक्रवार को सीपत धान खरीदी केंद्र में की गई जांच के दौरान चौंकाने वाली अनियमितता सामने आई है। मस्तूरी ब्लॉक की सहकारिता सीईओ गोधूलि वर्मा एवं सहायक खाद्य अधिकारी राजीव तिवारी के नेतृत्व में गठित जांच दल ने केंद्र का भौतिक सत्यापन किया, जिसमें बड़े स्तर पर धान की कमी पाई गई।

जांच में सामने आया कि, सीपत धान खरीदी केंद्र में 486 क्विंटल धान, यानी लगभग 1 हजार 215 बोरी धान उपलब्ध होना चाहिए थी, लेकिन जब टीम ने मौके पर भौतिक सत्यापन किया तो मात्र 177 बोरी धान ही पाई गई। इस प्रकार सैकड़ों बोरियों का अंतर सामने आने से पूरे मामले में गंभीर गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। स्थिति और भी गंभीर तब हो गई जब जांच के दौरान मौजूद धान का वजन भी मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। कई बोरियों में निर्धारित वजन से कम, तो कई बोरियों में वजन से ज्यादा धान पाया गया, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि खरीदी एवं भंडारण प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर अनियमितता हुई है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर भी मौके पर उपस्थित रहे और पूरी कार्रवाई का अवलोकन किया। जांच दल ने मौके पर ही विस्तृत पंचनामा तैयार कर लिया है, जिसे शीघ्र ही उच्च अधिकारियों को सौंपा जाएगा।

रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि, हाल ही में गतौरा धान खरीदी केंद्र में भी इसी प्रकार के शॉर्टेज के मामले में जिम्मेदारों के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। ऐसे में सीपत केंद्र में सामने आए इस बड़े अंतर के बाद यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि, प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

### रिपोर्ट तैयार

रिपोर्ट तैयार कर ली गई है, संबंधित अधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

**- गोधूलि वर्मा**
सहकारिता सीईओ मस्तूरी ब्लॉक

# राखड़ डेम में ट्रैफिक सुपरवाइजर के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

■ नंबर प्लेट में गड़बड़ी पकड़ने पर भड़के वाहन मालिक



एनटीपीसी सीपत के राखड़ डेम क्रमांक 2 में कार्यरत ट्रैफिक मार्शल सुपरवाइजर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। वाहन की जांच के दौरान नंबर प्लेट में गड़बड़ी पकड़ना सुपरवाइजर को भारी पड़ गया, जिसके बाद वाहन मालिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर न केवल गाली-गलौज की, बल्कि मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। सीपत पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गतौरा निवासी विजय कुमार वस्त्रकार पिता राजू वस्त्रकार 5 मार्च से राखड़ डेम क्रमांक 2 में ट्रैफिक मार्शल सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने ड्यूटी स्थल पर था, इसी दौरान हाइवा क्रमांक सीजी13 एएक्स 1914 राखड़ लोड कर पहुंचा। हाइवा की जांच के दौरान पाया गया कि, वाहन के आगे और पीछे अलग-अलग नंबर प्लेट लगी हुई है। इस पर जब सुपरवाइजर ने ड्राइवर से पूछताछ की, तो ड्राइवर ने अपने मालिक देवी प्रसाद कुर्रे को फोन कर मौके पर बुला लिया। देवी प्रसाद कुर्रे अपने अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और सुपरवाइजर के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब विजय कुमार ने इसका विरोध किया, तो देवी प्रसाद कुर्रे और उसके साथियों ने मिलकर उनके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की, जिससे उनके गाल और पीठ में चोट आई। घटना के बाद विजय कुमार ने अपने साथी प्रदीप कुमार राठौर व संदीप लहरे को मौके पर बुलाया, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज करते हुए मारने के लिए दौड़ाया, जिससे वे जान बचाकर निकल गए। घटना की शिकायत पर सीपत पुलिस ने आरोपी देवी प्रसाद कुर्रे के खिलाफ धारा 296 , 115 (2) , 351 (3) , 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। इस घटना के बाद डेम क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों में आक्रोश का माहौल है।

# श्रमिकों के पंजीयन के लिए लगा शिविर



**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद मुंगेली अंतर्गत एंड्रूज वार्ड में श्रमिकों के पंजीयन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों, मजदूरों एवं कामगारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। शिविर में दस्तावेजों का सत्यापन कर त्वरित रूप से श्रमिकों के पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

शिविर के दौरान 35 से अधिक श्रम कार्ड बनाए गए, जिससे श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। श्रम पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि, असंगठित कर्मकार मंडल में पंजीयन कराने से श्रमिकों को आर्थिक सहायता, मातृत्व लाभ, शिक्षा सहायता, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिलता है। उन्होंने सभी पात्र श्रमिकों से पंजीयन कराने की अपील की, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उपस्थित हितग्राहियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, इस तरह के शिविरों से उन्हें अपने ही वार्ड में सुविधाएं मिल जाती हैं, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होती है। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

### बड़े भाई ने जमीन विवाद को लेकर छोटे भाई की पीट पीटकर कर दी हत्या

**कोरबा।** जमीन बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच दो सालों से विवाद चल रहा था। शराब के नशे में दोनों भाइयों के बीच फिर से विवाद हो गया था और बड़े भाई ने अपने छोटे भाई को पीट पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया है। जिसके बाद उसे उपचार के लिए पड़ोसी जिला पेंड्रा लेकर गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। वहीं पुलिस हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले बड़े भाई की खोजबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेनहा में हत्या की वारदात सामने आई है। बताया जाता है कि यह निवासरत कल्याण यादव उम्र 35 वर्ष और उसके छोटे भाई रामदयाल यादव उम्र 30 वर्ष के बीच पिछले 2 सालों से जमीन बंटवारे को लेकर दोनों भाइयों में विवाद चल आ रहा था बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर दोनों भाई शराब के नशे में धुत थे और बंटवारे को लेकर दोनों भाइयों में फिर से विवाद हुआ था ।


# मंत्री लखन व गौरशंकर ने दी भुलाऊ प्रसाद को श्रद्धांजलि




**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक के बड़े भाई भुलाऊ प्रसाद कौशिक के निधन पर उद्योग मंत्री लखन देवांगन और भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल ने उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके साथ ही इस दुःखद एवं संवेदनशील समय में कमिश्नर बिलासपुर संभाग सुनील जैन, पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर बिलासपुर संजय अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनीश सिंह ने विधायक कौशिक के निज निवास परसदा में स्व. भुलाऊ प्रसाद कौशिक के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवारजनों से मुलाक़ात की। उन्होंने दिवंगत आत्मा के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा इस विषम घड़ी में परिवारजनों को धैर्य, संबल एवं साहस प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की।

# श्रीमद्भागवत कथा पर अमल करने वालों का कल्याण निश्चितः पं पयासी



**गौरेला।** गौरेला के सांस्कृतिक भवन में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आचार्य पंडित डॉ बृजेश पयासी वृंदावन धाम के मुखारविंद से कथा श्रवण करने का सौभाग्य श्रद्धालुओं को प्राप्त हो रहा है। भागवत कथा से श्रद्धा और विश्वास पैदा होता है एवं वही अध्ययन से योग का ज्ञान होता है। व्यक्ति का चरित्र ऊंचा होता जाता है एवं वह एक सकारात्मक सोच वाला व्यक्ति बन जाता है। पंडित बृजेश पयासी ने कथा के दौरान बताया कि, भागवत ज्ञान की दीक्षा सर्वप्रथम नारायण ने ब्रह्माजी को दी, और ब्रह्माजी ने नारद को दी। इसके बाद नारद ने यह दीक्षा भगवान वेदव्यास को एवं वेदव्यास ने यह ज्ञान भगवान सुकदेव को तथा भगवान सुकदेव ने यह ज्ञान राजा परीक्षित को दिया। कथावाचक पयासी ने कहा, यह ग्रंथ सृष्टि के आरंभ से अभी तक अपनी गरिमा बनाए हुए है, इस पर अमल करने वाले परिवारों का कल्याण अवश्य हुआ है। समाजसेवी मथुरा सोनी एवं परिवारजनों की ओर से संस्कृति भवन में यह कार्यक्रम 28 मार्च से लगातार चल रहा है। मुख्य सहयोगियों के रूप में एडवोकेट अशोक सोनी, अनिल सोनी शहडोल, राजेंद्र सोनी सिवनी मरवाही, प्रहलाद सोनी जबलपुर, सहित परिवार के सदस्यों ने अपनी भूमिका निभाई।

# भागवत कथा सुनने मात्र से मानव जीवन का कल्याणः पं कान्हा



**पथरिया।** कलियुग में श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही मनुष्य का कल्याण हो जाता है। भागवत कथा ज्ञान का वह भंडार है, जिसके वाचन और सुनने से वातावरण में शुद्धि तो आती ही है, साथ ही मन और मस्तिष्क भी स्वच्छ हो जाता है। यह बात गुरुवार को नगर में चल रही भागवत कथा में पंडित कान्हाजी महाराज ओडिशा वाले ने कही। कथा के यजमान के रूप में राजू यादव सपत्नीक भगवान भागवत कथा का श्रवण कर रहे हैं। भागवत के पांचवे दिवस कथावाचक ने कहा कि, भागवत कथा से घर और समाज में पवित्रता बनती है, जो सुख शांति का आधार है। कथा के ज्ञान को अपने जीवन में धारण करना चाहिए, ताकि जीवन सफल हो सके। पंडित कान्हाजी ने बताया कि, भागवत का उद्देश्य लौकिक कामना का अंत करना और प्राणी को प्रभु साधना में लगाना है। संत चलते-फिरते तीर्थ होते हैं, जो संसार के प्राणियों को दिशा देने उन्हें सदमार्ग दिखाने आते हैं।

### आम सूचना

मैं अपने आसामी श्री हरीश टिबड़ेवाल आयु 54 पिता श्री लक्ष्मी नारायण टिबड़ेवाल निवासी 27 खोली विकास नगर बिलासपुर की ओर से अधिकृत होकर उनके निर्देशानुसार, निम्नाशय का यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि मौजा अर्टरा, पहन - 14, रानिम व तहसील बिल्हा जिला- बिलासपुर स्थित खसरा नं - 439/1, रकबा 0.1500 हेक्टेयर अवस्थित है, जो कि राजस्व अभिलेखों में श्री इमरान मेमन आ. स्व. अब्दुल गफ्फार जाति मुसलमान निवासी - मसानगंज बिलासपुर के नाम पर दर्ज है। मेरे आसामी ने उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा श्री इमरान मेमन से कर उसे अग्रिम राशि के भुगतान कर दिया है। तथा शीघ्र ही अपने नाम पर या अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के नाम पर उपरोक्त भूमि का बैनामा पंजीकृत वाला है।

सो जो कोई आम जनता, निगम, निकाय बैंक, संख्या, अपने आपको उपरोक्त भूमि से हितबद्ध समझते हो इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर अपने हित/दावा से संबंधित दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में आपत्ति कर सकते है। समयावधि अवसान पश्चात की जाने वाली आपत्ति विधिमान्य नही होगी।

सो सूचना जाने।

**रत्नेश कुमार अग्रवाल**
अधिवक्ता
लाईफ केयर हॉस्पिटल करबला जूना
बिलासपुर मो. 9827497567

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2025-26
ग्राम-लोरमी प.ह.नं. 28 तह. लोरमी
**पक्षकार**-अजय दास **बनाम** छ.ग. शासन।

आवेदक अजय दास पिता महंत जगन्नाथ दास जाति वैष्णव निवासी ग्राम लोरमी तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वतः के नाम पर ग्राम लोरमी प.ह.नं. 28 तहसील लोरमी, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 799/3 रकबा 2.3630 हेक्टे. में से 0. 081 हेक्टे. भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन (कृषि उपकरणों के मरम्मत एवं भोजनालय) हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्र बी-1, खसरा, नक्शा, मिशल की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.04.2026 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 18.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**समंस**

क्रमांक/क/अति. तह. / वा./2026
बिलासपुर दिनांक 01/04/2026

एतद् द्वारा श्री अमित भास्कर पिता श्री अवधराम भास्कर निवासी कुम्हारपारा, जरहाभाठा बिलासपुर, तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि मौजा दोमुहानी, प.ह.नं. 43, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 139/2, रकबा 3100 वर्गफुट भूमि का छ.ग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत् रिकार्ड दुरुस्ती हेतु आवेदिका श्रीमती जी. पुष्पलता पति श्री जी.एस.व्ही. राजेश कुमार निवासी सतबहनिया मंदिर देवरीखुर्द, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 16.04.2026 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 16.04.2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आज दिनांक 01.04.2026 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
बिलासपुर, दिनांक 01/04/2026

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### एयू में पुरानी उत्तरपुस्तिका समेत रद्दी पेपर बिक्री पर विवाद

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में पुरानी उत्तरपुस्तिकाओं सहित रद्दी पेपर बिक्री का टेंडर विवादों में पड़ गया है। यूनिवर्सिटी ने रद्दी पेपर बेचने के लिए टेंडर निकाला था और गुरुवार को टेंडर खोलने की प्रक्रिया चल रही थी, उसी दौरान यूनिवर्सिटी में ज्वाइन करने नए कुलपति पहुंच गए, जिसके चलते टेंडर खोलने की प्रक्रिया बाधित हो गई और टेंडर को लेकर रात तक यूनिवर्सिटी में ड्रामा चलता रहा। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा अनुपयोगी हो चुकी पुरानी उत्तरपुस्तिकाओं सहित रद्दी पेपर की बिक्री के लिए 12 मार्च को टेंडर निकाला था और 31 मार्च तक टेंडर जमा करने की आखिरी तिथि थी। यूनिवर्सिटी में कुल सात लोगों ने रद्दी पेपर खरीदी के लिए टेंडर भरा था। 2 अप्रैल को दोपहर 2 बजे यह टेंडर खुलना था। यूनिवर्सिटी में दोपहर में टेंडर खोलने की प्रक्रिया चल ही रही थी और बंद लिफाफे में प्राप्त 7 निविदा में से केवल एक ही टेंडर खोला गया था तभी उसी समय अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया ज्वाइन करने यूनिवर्सिटी पहुंच गए। इस पर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार तार्णिश गौतम समेत अन्य अधिकारी एवं निविदा समिति के सदस्य भी नए कुलपति का स्वागत करने, मिलने चले गए। इसके बाद यूनिवर्सिटी के अधिकारी नए कुलपति के पदभार ग्रहण प्रक्रिया में ही काफी देर तक व्यस्त रह गए। दूसरी तरफ टेंडर प्रक्रिया में शामिल होने पहुंचे ठेकेदारों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया और टेंडर को लेकर विवाद खड़ा हो गया। यूनिवर्सिटी द्वारा शाम के बाद टेंडर खोलने की बात कही गई, किन्तु ठेकेदार इसके लिए तैयार नहीं हुए और अधिकारियों एवं ठेकेदारों के बीच बातचीत, बहसबाजी चलती रही। इस तरह रात तक टेंडर खोलने को लेकर ड्रामा चलता रहा और आखिरकार बाकी टेंडर खोला नहीं जा सका।

### राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस यूथ रेटक के प्रदेशाध्यक्ष बने तज्जमुल



**बिलासपुर।** इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.जी संधीवा रेड्डी, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह द्वारा एक महत्पूर्ण निर्णय लेते हुए तज्जमुल हक को यूथ इंटक का प्रदेश अधयक्ष नियुक्त किया गया है। यह निर्णय सगंठन के वरिष्ट पदाधिकारियो की सहमति लिया गया है। तज्जमुल हक लंबे समय से मजदूर हितो के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद है। उनके अनुभव समपर्ण और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए। यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्त के पश्चात तज्जमुल हक ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मजदूरो के अधिकारों की रक्षा उनके कल्याण और विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगें उन्होंने यह भी कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। संगठन के अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी इस नियुक्ति पर शुभकामनाए दी हैं।

### ईटीआई प्रशिक्षण में साझा की गई जानकारी



**बिलासपुर।** एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों के ईटीआई प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस में शुक्रवार को अतिथियों ने पूरे दिवस नवीनतम जानकारियों को साझा किया। प्रथम सत्र का प्रारंभ मुख्य वक्ता डॉ.अनिल सिन्हा पूर्व समन्वयक सरगुजा विश्वविद्यालय एवं डॉ.मनोज सिन्हा रासेयो कार्यक्रम समन्वयक के द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ। गत दिवस का फीडबैक कार्यक्रम अधिकारी शीतेश जैन ने प्रस्तुत किया। प्रथम मुख्य वक्ता डॉ.अनिल सिन्हा ने कोठारी आयोग की अनुशंसा, एनएसएस की स्थापना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दूसरों की सेवा हेतु अपना स्वार्थ त्याग ही रासेयो के आदर्श वाक्य का मूल है। व्यक्तित्व विकास, युवा संसद, समुदाय, नेतृत्व विकास सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को विस्तार से प्रस्तुत किया। वक्ता डॉ.आरडी अग्रवाल पूर्व समन्वयक स्वामी विवेकानन्द तकनीकी विवि ने कार्यक्रम अधिकारियों को रासेयो के लक्ष्य, सफलता के पैमाने,क्षमता आंकलन, व्यक्तित्व आंकलन आदि को विभिन्न उदाहरणों और संस्मरणो से जोड़ते हुए रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। तृतीय सत्र में युपेश कुमार ने इंस्टाग्राम, ट्वीटर एकाउंट के विस्तार एवं अनुप्रयोग के बारे में अच्छी जानकारी दी। मुख्य वक्ता के रूप में उमाशंकर पाण्डेय सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक एवं मास्टर ट्रेनर यातायात ने विभिन्न नियमो, सुरक्षा मानकों, सिग्नल्स, चालान आदि की विस्तृत और सारगर्भित जानकारी को कार्यक्रम अधिकारियों से साझा किया। चतुर्थ सत्र में डॉ.आरती पाण्डेय विभागाध्यक्ष ईएनटी सिम्स ने शारीरिक, मानसिक, सामाजिक स्वास्थ्य, योग, आहार-विहार आदि की विस्तार से जानकारी प्रदान की। संचालन शत्रुघ्न घृतलहरे व हिमानी तिवारी, आभार प्रदर्शन ग्रुप क्रमांक 4 के कार्यक्रम अधिकारियों ने किया।

### तीन फीट डिवाइडर वाली नई सड़क और दोनों ओर वाहनों की पार्किंग

**बिलासपुर।** शहर में नेहरू चौक से दर्रीघाट तक बनाई जा रही नई सड़क तेज गति से तैयार की जा रही है। इस दौरान देवकीनंदन चौक से सिम्स चौक तक बनाया गया तीन फीट चौड़ा रोड डिवाईडर आगे चलकर शहरवासियों का सिरदर्द साबित न हो जाए। इस मार्ग पर दोनों ओर बनी दुकानों में बड़ी संख्या में वाहन खड़े होते हैं, जिससे आवागमन के लिए जगह काफी कम मिल पाती है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इन दिनों नेहरू चौक से लेकर दर्रीघाट के बीच तेरह किलोमीटर लंबाई में 32 करोड़ रूपए की लागत से शानदार सड़क बनाई जा रही है। सड़क का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है। इसके अंतर्गत नेहरू चौक से चाटापारा होते हुए देवकीनंदन चौक से सदर बाजार, कोतवाली चौक, जूना बिलासपुर होते हुए गांधी चौक से दयालबंद तक सड़क का निर्माण किया जा चुका है। इस दौरान मार्ग में देवकीनंदन चौक से लेकर सिम्स चौक तक नया रोड डिवाईडर बनाया जा रहा है, जिसकी चौड़ाई लगभग तीन फीट है। चूंकि यह शहर का मुख्य मार्ग है, जिससे सड़क के दोनों ही ओर दुकानें स्थापित हैं। यहां न केवल दुकानदारों, बल्कि ग्राहकों के दुपहिया वाहन बड़ी संख्या में खड़े रहते हैं। इस मार्ग की चौड़ाई आज की स्थिति में इतनी नहीं है कि तीन फीट डिवाईडर बनाया जा सके। पहले से ही दुकानों के सामने खड़े वाहनों के कारण जाम की स्थिति वाली इस सड़क पर अब तीन फीट चौड़ा डिवाईडर बनाने के बाद ट्रैफिक जाम की समस्या लगातार देखने को मिलने लगी है।

## भारी भरकम गड्ढे से बढ़ी परेशानी...



जोनल रेलवे स्टेशन में 392 करोड़ की लागत से विकास कार्य कराए जा रहे हैं, इसके लिए गेट नंबर 3 के सामने भारी भरकम गड्ढा खोद दिया गया है, यहां धीमी गति से काम चलने के कारण यात्री हलाकान हो रहे हैं।

### टैक्स व बाजार किराया की जमकर वसूली

# ठेकेदार नहीं करता था वसूली, ठेका समाप्त होते ही नगर निगम ने वसूले 103 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में टैक्स वसूली के लिए निजी कंपनी का ठेका समाप्त होने के बाद निगम के आय में बढ़ोतरी होने लगी है। निजी ठेका कंपनी द्वारा 60-70 प्रतिशत तक वसूली की जाती थी, जबकि निगम अमला द्वारा 85 फीसदी टैक्स वसूली की गई है। प्रापर्टी टैक्स, जलकर, बाजार किराया आदि मिलाकर नगर निगम द्वारा 31 मार्च तक लगभग 103 करोड़ रुपए की वसूली की गई है जो कि पिछले साल के आय से 12 प्रतिशत अधिक है।

■ पिछले साल से 12 फीसदी आय अधिक

नगर निगम में टैक्स वसूली के लिए निजी कंपनी स्पैरोटेक का ठेका समाप्त करने का लाभ निगम को मिलने लगा है। टैक्स वसूली का काम जब तक निजी कंपनी द्वारा ठेका पर किया जाता था तो हर साल 60-70 प्रतिशत तक ही वसूली हो पाती थी। उसमें भी टैक्स वसूली के कुल राशि का 7 प्रतिशत ठेका कंपनी का कमीशन बनता था। इस तरह टैक्स से आए राशि का एक बड़ा हिस्सा ठेका कंपनी को कमीशन के रूप में चला जाता था जो निगम के लिए एक तरह से घाटे का सौदा था। पिछले साल बीच में ही नगर निगम द्वारा स्पैरोटेक कंपनी का ठेका समाप्त कर दिया गया और टैक्स वसूली का पूरा काम नगर निगम के राजस्व, बाजार विभाग के हाथों में आ गया। पिछले साल से इस बार तो नगर निगम टैक्स वसूली के मामले में आगे निकल गई है। पिछले साल संपत्ति कर, समेकित कर, यूजर चार्ज, जल कर, दुकान, बाजार किराया आदि मिलाकर नगर निगम ने लगभग 90 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया था। इस बार यह आंकड़ा पार हो गया है और निगम ने ये सारे टैक्स मिलाकर लगभग 103 करोड़ की वसूली की है, जबकि कुल वसूली का लक्ष्य 121 करोड़ रुपए था।

### 65 करोड़ से अधिक की वसूली

नगर निगम द्वारा प्रापर्टी टैक्स, समेकित कर, यूजर चार्ज मिलाकर 71 करोड़ 50 लाख राशि का टारगेट रखा गया था। इसमें 31 मार्च तक की स्थिति में नगर निगम ने 65 करोड़ 73 लाख राशि वसूली कर ली है। इस तरह प्रापर्टी टैक्स, यूजर चार्ज मिलाकर ही लगभग 88 प्रतिशत की वसूली हुई है। इस बार टैक्स वसूली में बढ़ोतरी के पीछे एक प्रमुख वजह आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा रहा है। शहर के लोग निगम के आनलाइन पोर्टल के जरिए घर बैठे अपना टैक्स जमा किए हैं। आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा से नगर निगम के राजस्व में वृद्धि हुई है। इसके अलावा निगम कार्यालयों में काउंटर के जरिए टैक्स जमा कराया गया, वहीं निगम का राजस्व अमला घर-घर घूमकर डोर-टू-डोर टैक्स वसूली भी की है।





### केवल 35 प्रतिशत जलकर की वसूली

नगर निगम जल कर वसूली में पीछे रहा है। निगम को लगभग 10 करोड़ 50 लाख राशि जल कर का वसूली करना था। इसमें 4 करोड़ राशि के आसपास ही वसूली हो पाई है जो कि 35 प्रतिशत वसूली के करीब है। जल कर आनलाइन नहीं होने का भी नुकसान निगम को हुआ है। निगम प्रापर्टी टैक्स, समेकित कर, यूजर चार्ज जैसे टैक्स जमा करने के लिए आनलाइन सुविधा दे रही है, जबकि नल कनेक्शन के जरिए पानी लेने वाले लोगों को जल कर जमा करने अभी भी निगम कार्यालय के चक्कर काटना पड़ रहा है। क्योंकि पानी का टैक्स मैनुअल ही जमा हो रहा है और अभी तक निगम ने पानी टैक्स आनलाइन जमा करने की सुविधा नहीं है।

### इस बार छूट का आदेश नहीं आया

इस बार टैक्स जमा करने छूट के संबंध में कोई आदेश अभी तक नहीं आया है। पिछले साल नगर निगम में संपत्ति कर जमा करने के लिए राज्य शासन ने विशेष छूट प्रदान की थी और 30 अप्रैल तक टैक्स जमा करने की मोहलत लोगों को दी गई थी। वित्तीय वर्ष का आखिरी 31 मार्च तक टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि होती है, उसके बाद टैक्स जमा करने वालों को जुर्माना भी लगता है। पिछले साल शासन ने 30 अप्रैल तक टैक्स जमा करने पर जुर्माना से विशेष छूट दे दी थी।

### हो रही अधिक वसूली

नगर निगम में टैक्स वसूली के लिए ठेका सिस्टम समाप्त करने से आय में वृद्धि हुई है और ठेका कंपनी को जो कमीशन की राशि देना पड़ता था वह भी अब बच रहा है। टैक्स वसूली इस बार काफी अच्छी हुई है और पिछले साल से लगभग 12-13 प्रतिशत अधिक टैक्स की वसूली हुई है।

**-खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त, नगर निगम

एजुकेशन प्लस

### चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज को एसआईआरओ की मान्यता






**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अंतर्गत संचालित चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग डीएसआईआर द्वारा साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च आर्गनाईजेशन एसआईआरओ के रूप में मान्यता का नवीनीकरण प्रदान किया गया है।

यह उपलब्धि विशेष रूप से महत्वपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि पूरे क्षेत्र में केवल चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज ही ऐसा संस्थान है जिसे एसआईआरओ मान्यता प्राप्त है, साथ ही एनबीए एवं एनएएसी मान्यता भी बिलासपुर में इकलौती इसी संस्थान के पास उपलब्ध है, जो इसे क्षेत्र का अग्रणी एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान बनाता है। यह प्रतिष्ठित मान्यता संस्था की शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा उद्योग-अकादमिक सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस उपलब्धि से कॉलेज को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान परियोजनाओं, अनुदान एवं सहयोग के नए अवसर प्राप्त होंगे। संस्था प्रबंधन ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं स्टाफ के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह मान्यता भविष्य में उन्नत अनुसंधान, आधुनिक प्रयोगशालाओं के विकास तथा विद्यार्थियों को प्रायोगिक एवं शोध-आधारित शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### शांति निकेतन पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत









**बिलासपुर।** शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल पंजाबी कालोनी दयालबंद में 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत घोषित हुआ है। स्कूल में नियमित कक्षाएं 6 अप्रैल से शुरु हो रही है। संस्था में विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के साथ कृषि संकाय है। बच्चों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जाता है। आधुनिक लैब, कम्प्यूटर लैब एवं स्मार्ट क्लासेस के साथ खेल पद्धति से पढ़ाई कराई जाती है। विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसमें नर्सरी में जागृति रजक 93 फीसदी अंक के साथ प्रथम, सारांश यादव 91 फीसदी अंक के साथ दूसरे और रजनीश गुप्ता 87 फीसदी अंक के साथ तीसरे नम्बर पर, केजी 1 में प्रथम भूमि राही, दूसरे नम्बर पर तुशांत कैवर्त्य, तीसरे नम्बर पर निखिल मरावी, केजी 2 में प्रथम राघव राजपूत, दूसरे नम्बर पर मीतांशी साहू, तीसरे नम्बर पर क्यारा चांवला, पहली कक्षा में प्रथम अभय साहू, दूसरे नम्बर पर आद्वित्य यादव, तीसरे नम्बर पर कव्यान्श यादव, दूसरे क्लास में प्रथम आराध्या तिवारी, दूसरे नम्बर पर विधि जैन, तीसरे नम्बर पर वात्सल्य, तीसरी क्लास में प्रथम आरव वर्मा, दूसरे नम्बर पर समायरा गोरख, तीसरे नम्बर पर आयुष, चौथी क्लास में प्रथम हर्षिता यादव, दूसरे नम्बर पर अतीक्ष साहू, तीसरे नम्बर पर नम्रता नाथ, छठवीं क्लास में प्रथम उपासना दीवान, दूसरे नम्बर पर कर्तव्य वर्मा, तीसरे नम्बर पर माही आठले, सातवीं क्लास में प्रथम झिलमिल कश्यप, दूसरे नम्बर पर उर्वशी समुंद, तीसरे नम्बर पर प्रशांत वर्मा, नवमीं कक्षा में प्रथम अंकिता जाना, दूसरे नम्बर पर प्राची श्रीवास, तीसरे नम्बर पर अंकिता कमल, ग्यारहवीं क्लास में प्रथम दीक्षा साहू, दूसरे नम्बर पर विनय मानिकपुरी, तीसरे नम्बर पर आंचल राज और ग्यारहवीं विज्ञान में प्रथम दामिनी पैकरा और दीपशिक्षा कश्यप, महिमा साहू शामिल हैं।

# सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में स्पाइन का जटिल आपरेशन



**बिलासपुर।** कोनी में सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में मुम्बई के ख्यातिप्राप्त स्पाइन सर्जनों की टीम ने स्पाइन ऑपरेशन कर स्वास्थ्य सेवाओं के विकास की नई पहल शुरू की है। देश के प्रख्यात स्पाइन सर्जन डॉ. शेखर भोजराज, डॉ. रघुप्रसाद वर्मा, डॉ. प्रेमिक नागाड, डॉ. प्रमित पावसकर, डॉ. विस्मय हरकरे तथा प्रबंधन सहयोगी श्री रोशन कुले द्वारा आपरेशन को अंजाम दिया गया है।

शासकीय सुपरस्पेशलिटी अस्पताल अधीक्षक डॉ. बीपी सिंह ने बताया कि स्पाइन सर्जरी कैम्प के सफल आयोजन के लिए विशेषज्ञों की टीम द्वारा चयनित मरीजों का गहन परीक्षण किया गया था। मरीज के सीटी स्कैन, एमआरआई एवं रक्त जांच रिपोर्ट का विस्तार से अध्ययन कर व्यक्तिगत उपचार योजना बनाई गई। जिसके चलते 3 अप्रैल को तीन जटिल स्पाइन सर्जरी की गई है। 4 अप्रैल 3 अन्य मरीजों के ऑपरेशन किए जाएंगे। सर्जरी में 3 से 4 घंटे समय लगता है जिसके लिए उच्च स्तरीय तकनीकी कौशल की आवश्यकता होती है। इस कैम्प की सफलता में सिम्स के एनेस्थेसिया विभाग की डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. आदित्य बिडवाईकर, डॉ नवीन गवेल, डॉ शुरभी बंजारे एवं डॉ. श्रीकांत वर्मा ने सहयोग दिया। साथ ही रेडियोडायग्नोसिस विभाग की डॉ. अर्चना सिंह द्वारा जांच एवं रिपोर्टिंग में भूमिका निभाई गई। ऑर्थोपेडिक विभाग से डॉ. रवि महोबिया एवं डॉ. शशांक अग्रवाल तथा न्यूरो सर्जरी विभाग से डॉ. इमेन्द्र वाहने, डॉ. देवांश मिश्रा एवं डॉ. नीरज प्रसाद ने विशेषज्ञ टीम के साथ समन्वय कर सर्जरी को सफल बनाया है।

### चुनिंदा अस्पतालों में होती है सर्जरी

जटिल स्पाइन सर्जरी देश के चुनिंदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में ही की जाती रही है। यह सुविधा शासकीय सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में उपलब्ध होने से बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के मरीजों को फायदा होगा। साथ ही महानगरों में जाने वाले मरीज कम से कम लागत में सर्जरी करा सकेंगें। अस्पताल में पहले से ही 128 स्लाइस सीटी स्कैन, 3 टेस्ला एमआरआई, डिजिटल एक्स-रे एवं एनएबीएल मान्यता प्राप्त पैथोलॉजी लैब जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### अफसरों का मिला सहयोग

इस अवसर पर संभागायुक्त सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त रितेश अग्रवाल, सिम्स डीन डॉ. रमनेश मूर्ति , डॉ रमन कटारिया सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का भरपूर सहयोग मिला। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार के सुपरस्पेशलिटी कैम्प नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

### पंचायत विभाग में आनलाइन टैक्स वसूली की कवायद, गांवों में फार्म बांटकर भराया जा रहा स्व-घोषणा पत्र

# पंचायतों में प्रापर्टी टैक्स के लिए ग्रामीणों से मांगी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्राम पंचायतों में आनलाइन टैक्स वसूली की कवायद में लगी हुई है। इसके लिए पंचायतों द्वारा ग्रामीणों से उनके मकान, दुकान जैसे अचल संपत्ति की जानकारी मांगी जा रही है और फार्म में स्व-घोषणा के तहत जानकारी भराई जा रही है।

पंचायतों के पास ग्रामीणों के मकान, दुकान जैसे अचल संपत्तियों की अपडेटेड जानकारी नहीं है। इसलिए कई पंचायतों ने अपने यहां फार्म वितरित कर ग्रामीणों से ही उनके मकान, दुकान के क्षेत्रफल एवं लागत राशि आदि के संबंध में स्व-घोषणा भराया जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग आनलाइन टैक्स जमा करने के एप लागू करना चाहती है। ग्राम पंचायतों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा कराने की दिशा में काम चल रहा है ताकि आगे चलकर ग्रामीण समर्थ पोर्टल के माध्यम से आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रापर्टी टैक्स भुगतान की सुविधा शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिता बढ़ेगी और टैक्स वसूली की प्रक्रिया सरल, त्वरित व भरोसमंद होगी तथा सरपंच या सचिव टैक्स वसूली में फर्जीवाड़ा नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा लोगों को ग्राम पंचायत कार्यालय के चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा और वे अपने मोबाइल, कंप्यूटर एवं अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र या सीएससी के माध्यम से आसानी से आनलाइन टैक्स का भुगतान कर सकेंगे।

### पोर्टल व आनलाइन टैक्स की दी गई ट्रेनिंग

पंचायत विभाग द्वारा जनपद स्तर पर अधिकारियों-कर्मचारियों को तथा पंचायत सचिवों को आनलाइन समर्थ पोर्टल, पंचायत पोर्टल, संपदा ऐप एवं निर्णय एप के प्रभावी उपयोग को लेकर ट्रेनिंग दिया गया है। इसका उद्देश्य पंचायत स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन, परिसंपत्तियों के प्रबंधन एवं ग्राम सभा निर्णय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित और डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। ट्रेनिंग दौरान समर्थ पंचायत पोर्टल माध्यम से पंचायत संबंधी कराधान कार्यो की आनलाइन मानिटरिंग, संपदा ऐप द्वारा पंचायत की चल-अचल संपत्तियों के डिजिटल अभिलेख तैयार करने तथा निर्णय ऐप के माध्यम से शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों और निर्णयों की समयबद्ध जानकारी भी दी गई है।

### रसीद डाउनलोड करने की सुविधा

इस सिस्टम अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में अचल संपत्तियों का डिजिटल रिकार्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे टैक्स निर्धारण में स्पष्टता आएगी। पोर्टल पर लॉगिन कर ग्रामीण अपनी प्रापर्टी का विवरण देख सकेंगे तथा देय की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। इसी तरह आनलाइन टैक्स भुगतान की रसीद भी डाउनलोड कर सकते हैं। इससे समय बचेगा और अनावश्यक विवादों से बचा जा सकता है। समर्थ पोर्टल के जरिए ग्रामीणों से जो प्रापर्टी आनलाइन जमा होगा। वह राशि ग्राम पंचायत के बैंक एकाउंट में जाएगा। टैक्स से प्राप्त राशि का उपयोग ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो जैसे सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, स्ट्रीट लाईट व मूलभूत सुविधाओं के विस्तार में किया जाएगा। इससे ग्राम पंचायतों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और स्थानीय विकास को गति मिलेगी।

### आनलाइन दे सकेंगे टैक्स

पंचायतों में आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा देने पर काम चल रहा है। समर्थ पोर्टल के जरिए ग्रामीण आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा कर सकेंगे, जिसकी पंचायत सचिवों को ट्रेनिंग दी गई है। ग्राम पंचायतों के पास पुराना रिकार्ड है इसलिए ग्रमीणों से जानकारी ली जा रही है।

**-शिवानी सिंह,** डिप्टी डायरेक्टर, पंचायत विभाग

## खबर संक्षेप

### रांग साइड चल रहे ट्रेलर ने कार को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** नेशनल हाईवे-49 पर बीती रात मस्तूरी खुडूभाठा के पास ट्रेलर ने कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। कार में मौजूद एक ही परिवार के 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें आनन-फानन में अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मस्तूरी के हार्डवेयर व्यवसायी रविन्द्र कुमार पाण्डेय का परिवार घरेलू कार्यक्रम में शामिल होने रायगढ़ गया था। रात करीब 11.45 बजे परिवार अपनी कार क्रमांक सीजी 10 बीडब्ल्यू 5052 से रायगढ़ से बिल्हा की ओर लौट रहा था। जैसे ही उनकी कार खुडूभाठा के पास पहुंची, रांग साइड से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीबी 8617 के चालक ने तेज गति और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दी। मामले में रविन्द्र कुमार पाण्डेय की शिकायत पर मस्तूरी पुलिस ने अज्ञात ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब ट्रेलर नंबर के आधार पर फरार चालक की तलाश कर रही है।

### भीड़ का फायदा उठाकर महिला से चैन स्नैचिंग

**बिलासपुर।** हनुमान जयंती पर सड़क पर उमड़ी भीड़ का फायदा उठाकर चोर महिला के गले से 25 हजार का हार झटककर भाग निकलने, वहीं एक व्यक्ति की जेब से मोबाइल भी पार कर दिया है। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि गोपालपुर निवासी उषा खरे हनुमान मंदिर के सामने लगी लाइन में खड़ी थी, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसके गले से सोने का हार खींच लिया है। उसने संदेहियों को पकड़कर पुलिस को सौंपा है। वहीं दूसरी वारदात सिटी कोतवाली थाना के ही गोलबाजार चौक की है जहां कतियापारा निवासी सुनील सारथी के जेब से मोबाइल पार कर चोर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने प्रार्थियों की शिकायत लेकर जांच कर रही है।

### चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चोरी के मामले में फरार आरोपियों की पतासाजी के दौरान मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले के अनुसार बिल्हा पुलिस ने सिविल टीम गठित कर संदेहियों की पतासाजी कर रही थी। इस दौरान 3 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि फरार आरोपी दीपक यादव गांव में घूम रहा है। पुलिस ने उसे थाने ले गई और कड़ाई से पूछताछ की गई। इस दौरान उसने अपने दीदी के घर से चोरी किए 6 नग दरवाजा कूलर, काउन्टर टेबल, दीवान पलंग, फ्रिज को दगौरी निवासी संजय भारद्वाज व सुरेश टण्डन के पास बेचना बताया। पुलिस ने फर्नीचर खरीदने वाले संजय भारद्वाज व सुरेश टण्डन के घर से 23 हजार का सामान जब्त किया गया है और अमेरी अकबरी निवासी दीपक यादव पिता स्व. कुंजराम यादव उम्र 41, दगौरी निवासी संजय भारद्वाज पिता मथुरा प्रसाद उम्र 36 और सुरेश टण्डन पिता स्व. खोरबहरा उम्र 40 को गिरफ्तार किया गया है।

## पक्षकारों ने ली राहत की सांस

### सभी आवेदन आरआई रिपोर्ट के लिए भेजे गए, रिपोर्ट आते ही डायवर्सन आदेश जारी किए जाएंगे

# ऑनलाइन डायवर्सन का सर्वर सुधरा, आठ आवेदन आए, जल्द जारी होगा आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपनी जमीन का ऑनलाइन डायवर्सन कराने हर रोज राजस्व विभाग की वेबसाईट खंगाल रहे पक्षकारों के लिए राहत भरी खबर है।

ऑनलाइन डायवर्सन के लिए बनाए गए सर्वर में आ रही तकनीकी दिक्कत अब सुधार ली गई है। विभाग को डायवर्सन के आठ आवेदन भी प्राप्त हुए हैं, जिन्हें आरआई रिपोर्ट के लिए भेजा गया है। आरआई की रिपोर्ट आते ही सबके डायवर्सन आदेश जारी कर दिए जाएंगे।डायवर्सन के लिए विगत लंबे समय से इंतजार कर रहे जमीन मालिकों को अब राहत मिल सकेगी। शासन द्वारा प्रारंभ की गई ऑनलाईन डायवर्सन की सुविधा अब प्रारंभ हो चुकी है। इसमें सर्वर को लेकर आ रही तकनीकी परेशानी काफी हद तक सुधार ली गई है। हालांकि कुछ खसरों की जानकारी अब भी न दिखाना एवं अरपा पार के खसरों को लेकर ऑप्शन नहीं दिखाने जैसी दिक्कतें अब भी देखने को मिल रहीं हैं, जिनका राज्य स्तर पर समाधान प्राप्त किया जा रहा है। वर्तमान में ऑनलाइन पद्धति से सफलतापूर्वक आठ आवेदन प्राप्त किए गए हैं। इन आवेदनों को आरआई की रिपोर्ट के लिए भेजा गया है। आरआई रिपोर्ट प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित सभी पक्षकारों को उनकी जमीन का डायवर्सन आदेश जारी कर दिया जाएगा। विभाग के अनुसार अब तक ऑफलाईन पद्धति से जारी होने वाले डायवर्सन आदेश की तुलना में ऑनलाईन पद्धति से काफी कम समय में ही आदेश जारी किए जा सकेंगे, जिससे पक्षकारों को काफी राहत मिल सकेगी।

### पट्टे या पूर्व में सरकारी रही जमीन पर हो सकेगी क्वेरी

ऑनलाइन डायवर्सन के लिए किए गए आवेदन के बाद जांच के दौरान उक्त जमीन के पूर्व में शासकीय या पट्टे वाली रहने की जानकारी मिलने पर इसकी क्वेरी के लिए प्रकरण संबंधित को वापस किया जाएगा। इसके बाद मांगे गए दस्तावेज संलग्न करते हुए पुनः विभाग में प्रकरण प्रस्तुत करना होगा। इसके बाद ही इस तरह के मामलों में आदेश जारी किया जा सकेगा।

### चार महीने तक होती रही माथापच्ची

प्रदेश में डायवर्सन की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने का निर्णय शासन द्वारा नवंबर-दिसंबर 2025 में लिया गया था, लेकिन इसकी गाईडलाईन जारी करने में ही ढाई महीने से ज्यादा का समय लग गया। मार्च महीने में इसकी विस्तृत गाईडलाईन जारी की गई, लेकिन सर्वर में ढेरों तकनीकी दिक्कतें आने लगी थीं। परिणामस्वरूप लगातार चार महीने से किसी भी पक्षकार को डायवर्सन का आदेश जारी किया जाना तो दूर उनका आवेदन भी स्वीकृत नहीं किया जा सका था। लगातार चार महीने तक माथापच्ची करने के बाद अंततः न केवल विभाग को बल्कि पक्षकारों को भी अब राहत मिल सकी है।

### प्राप्त हुए हैं आवेदन

डायवर्सन के लिए ऑनलाइन पद्धति से आठ आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन्हें आरआई रिपोर्ट के लिए भेजा गया है। आरआई की रिपोर्ट प्रस्तुत होते ही सारे आवेदनों पर डायवर्सन का आदेश जारी कर दिया जाएगा। सर्वर में आंशिक दिक्कतें अभी भी आ ही रहीं हैं, जिनका उच्च स्तर पर समाधान प्राप्त किया जा रहा है।

**–मनीष कुमार साहू**, एसडीएम

### खनिज न्यास से नहीं मिले साढ़े तीन करोड़

# पांच जगहों पर वेंडिंग जोन और चार स्थानों पर नानवेज मार्केट बनाने की योजना हो गई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में पांच जगहों पर वेंडिंग जोन बनाए जाने के साथ ही 4 जगहों पर नानवेज मार्केट भी बनाया जाना था। इसके लिए साढ़े तीन करोड़ रुपए की राशि जिला खनिज न्यास से मांगी गई थी। इसकी स्वीकृति लेकिन नहीं मिल सकी और योजना बंद कर दी गई है। अब निगम किसी दूसरे मद से राशि स्वीकृत कराने की बात कह रहा है। निगम के मुताबिक जगहों का चिन्हांकन कर लिया गया है और जल्द ही काम शुरू होगा। निगम ने तय किया है कि वेंडिंग जोन व्यापार विहार में, लिंगियाडीह में अपोलो हास्पिटल के पास मानस लाज के बगल में, उसलापुर में पौनी पसारी योजना के बगल में, चंद्रिका होटल के पीछे और चांटीडीह सब्जी बाजार के पास बनाया जाएगा। इसके साथ ही नानवेज मार्केट मोपका, सकरी, शनिचरी और व्यापार विहार में बनाए जाएंगे।

- **जगहों का चिन्हांकन कर लिया गया, जल्द ही काम शुरू होगा**

दरअसल जिला खनिज न्यास (डीएफएफ) के नियमों में संशोधन किया गया है। अब यह राशि केवल खनन प्रभावित (15 किमी दायरे) क्षेत्रों और परियोजनाओं के लिए प्राथमिकता से उपयोग की जाएगी। इसलिए वेंडिंग जोन जो कि शहर के विभिन्न जगहों में बनना था उसके लिए राशि स्वीकृत नहीं हो सकी। अधिकारियों के मुताबिक इस निधि का 70% भाग शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और कौशल विकास जैसे उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों पर व्यय किया जाना है। कलेक्टर की अध्यक्षता में शासी परिषद की बैठक में विकास कार्यों के लिए इस पर स्वीकृति दी जानी है।



व्यापार विहार में सब्जी बेचने के लिए बनाया गया पौनी पसारी केंद्र।

### 200 से अधिक कियोस्क लगाए जाएंगे

इधर निगम के मुताबिक वेंडिंग जोन के बनने से ठेले वालों को काफी लाभ होगा। उन्हें स्थाई दुकान मिल जाएगी। साथ ही पानी और बरसात में भी समस्या नहीं होगी। साथ ही शहरवासियों को भी धूलरहित, स्वच्छ वातावरण में खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे। इसके लिए चुनिंदा स्थानों पर आकर्षक गुमटियां (क्योस्क) लगाई जाएंगी। फिलहाल शहर में रिवर व्यू रोड पर क्योस्क लगाए गए हैं। इस प्रकार की गुमटियों की स्थापना करने के लिए ही वेंडिंग जोन बनाए जा रहे हैं। नई जगहों पर 200 क्योस्क लगाए जाने की योजना है। अब दूसरे मद से राशि की व्यवस्था करते हुए योजना पूरी की जाएगी।

### शनिचरी में बना वेंडिंग जोन सूना

हालांकि देखा जाए तो निगम ने शनिचरी बाजार में फल ठेले वालों को व्यवस्थित करने के लिए 36 लाख रुपए खर्च कर वेंडिंग जोन बनाया है। पानी टंकी के पीछे शिफ्ट भी किया है। बकायदा यहां बिजली, पानी, शेड की सुविधा है। कोशिश थी की बाजार में जाम ना लगे और गर्मी हो या बरसात ठेले वालों को फल बेचने में परेशानी ना हो। कुछ दिनों तक तो फल वाले इस वेंडिंग जोन ठेले लगाते रहे लेकिन पिछले कुछ दिनों से फिर वही हालत हो गई है। 50 से अधिक फल वाले फिर से बिलासा चौक और बाल्मिकी चौक के पास पहुंच गए हैं। वेंडिंग जोन एक तरह से सूना और चौक पर जाम लग रहा है।

### कई जगहों के फुटपाथों पर कब्जा हो गया

देखा जाए तो शहर और उसके आसपास जनता के लिए बनाए गए फुटपाथ धीरे-धीरे अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए और वर्षों से नए बने ही नहीं। पिछले एक दशक में शहर के दर्जनभर से अधिक स्थानों पर दो करोड़ रुपए से अधिक के फुटपाथ बनाए गए। इनमें से अधिकांश पर अब कब्जा हो चुका है। सीएमडी कॉलेज चौक से विद्या नगर की ओर जाने वाले रोड की टर्निंग पर होटल वाले का कब्जा है। इसी मार्ग पर आगे कई अन्य दुकानदार अपना सामान रखने के लिए उसका इस्तेमाल कर रहे हैं। तारबाहर चौक के पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारक स्थल की बाउंड्री पर अतिक्रमण हो चुका है। वर्ष 2008 के चुनाव के दौरान तालापारा में बनाए फुटपाथ के अधिकांश हिस्से में दुकानदार काबिज हो चुके हैं। रिंग रोड नंबर 2, मंगला से लेकर कलेक्टोरेट तक सरकंडा में हर जगह सड़कों और फुटपाथों पर ठेले हैं।

### राशि की व्यवस्था की जा रही

सड़क, फुटपाथ, नाली या किसी भी शासकीय संपत्ति पर अब ठेला लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोशिश है कि हर वार्ड में जमीन की उपलब्धता के अनुसार स्थायी वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे। फिलहाल पांच जगहों पर वेंडिंग जोन और चार जगहों पर नानवेज मार्केट बनाने की योजना है। राशि की व्यवस्था की जा रही है।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम



# हाथी ने कुचलकर ग्रामीण को मारा डाला

**बिलासपुर।** टार्च लेकर महुआ बीनने गए ग्रामीण पर हाथी ने हमला कर दिया। हाथी से बचकर ग्रामीण ने भागने की कोशिश की, जिसे पटककर और अपने पैर से कुचलकर हाथी ने मार डाला। ग्रामीण की मौत के ग्रामीण एरिया में दहशत का माहौल बन गया है। वहीं सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने भी मुनादी कराना शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा वन मंडल की ओर से एक हाथी भटकते हुए मरवाही वन मंडल के जंगल में पहुंच गया है। पिछले दो दिन से मरवाही वन मंडल के सिवनी सर्किल के कक्ष क्रमांक 2085 में हाथी विचरण कर रहा है। दूसरी ओर गर्मी के सीजन में जंगल के क्षेत्र में महुआ बिनने का दौर भी शुरु हो चुका है, जहां सुबह-सुबह ग्रामीण महुआ लेने के लिए अकेले ही निकल जा रहे हैं। इसी तरह शुक्रवार की सुबह 4 बजे मरवाही वन मंडल के ग्राम डडिया निवासी त्रिलोचन सिंह टार्च लेकर सिवनी के कक्ष क्रमांक 2025 में अकेले ही पहुंच गया। सुबह अंधेरा होने के कारण त्रिलोचन सिंह टार्च जलाकर महुआ बिन रहा था। इस दौरान अचानक हाथी ने उसपर हमला कर दिया। हाथी को देखकर ग्रामीण डर गया और भागने का प्रयास करने लगा। ग्रामीण को भागते हुए देख हाथी ने उसे अपनी सूंड से पकड़कर नीचे गिराने के बाद पैर से कुचल दिया। हाथी के पैर से कुचलने के कारण ग्रामीण त्रिलोचन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना ग्रामीण एरिया में तेजी से फैल गई, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। वहीं जानकारी मिलते ही मरवाही वन मंडल की वन मंडलाधिकारी ग्रीष्मी चांद के आदेश पर उप वनमंडलाधिकारी और अन्य स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीण का शव पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजन को सौंप विभागीय सहायता राशि भी प्रदान की। इसके बाद पूरे ग्रामीण एरिया में मुनादी कराने के साथ विभागीय टीम को अलर्ट रहकर हाथी पर निगरानी रहने का आदेश भी दिया गया, ताकि ग्रामीण अकेले जंगल की ओर न जाएं।

### जंगल में है हाथी

हाथी के हमले से एक ग्रामीण के मौत की सूचना मिली, जो सुबह टार्च लेकर महुआ बीनने के लिए चला गया था। हाथी रिहायशी इलाके में नहीं बल्कि जंगल में अकेले विचरण कर रहा है जो कटघोरा की ओर से भटकते हुए आ गया है। ग्रामीण की मौत के बाद परिवार को भी सहायता राशि प्रदान की है। वहीं प्रयास किया जा रहा है कि जल्द ही उसे मुआवजा भी मिल जाएं। फिलहाल गांव में मुनादी के साथ अलर्ट भी कर दिया गया है।

**-ग्रीष्मी चांद**, डीएफओ, मरवाही वन मंडल

# मोबाइल से टिकिट बनाकर बेचते पकड़ा गया दलाल

### रेलवे एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



आरपीएफ की टीम ने मोबाइल से टिकिट बनाकर लोगों को बेचने वाले टिकिट दलाल के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

बिलासपुर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी नंद बहादुर ने बताया कि रेलवे आरक्षित ई टिकट अवैध व्यापार करने वाले टिकट दलालों के विरूद्ध धरपकड़ एवं अभियान हेतु अपराध गुप्तचर शाखा टीम की ओर से साइबर सेल मुख्यालय से मिले डाटा एवं मुखबिर की सूचना पर ग्राम तुर्री धाम बाजार चौक स्थित संजय फोटो स्टूडियो नामक दुकान में दबिश दी गई। यहां एक व्यक्ति तुर्रीधाम नगरदा सक्ती निवासी संजय कुमार जायसवाल, पिता सुंदर लाल जायसवाल उम्र 35 वर्ष से पूछताछ में जानकारी मिली कि वह अपनी पर्सनल युजर आईडी एवं जी मेल का उपयोग कर रेलवे आरक्षित ई टिकट बनाकर टिकट ग्राहकों को उपलब्ध कराता था, जिसके बदले में वह यात्रियों से अतिरिक्त राशि ले रहा था।

टिकिट दलाल ने अपने मोबाईल में बनाई गई कुल 4 नग रेल ई टिकटों पूर्व यात्रा टिकट को निकालकर दिखाया। साक्ष्य छिपाने के लिए उसने पूर्व में बनाये हुए रेल ई टिकटों को अपने मेल एव अन्य फोल्डर से डिलीट कर दिया। आरपीएफ ने पूछताछ करने के बाद टिकिट दलाल के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

### मजदूरों से भरे वाहन का ब्रेक फेल, बाल-बाल बचे लोग

**बिलासपुर।** हेमूनगर ब्रिज के पास मजदूरों से भरा स्वराज माजदा वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा ब्रेक फेल होने के कारण हुआ, हादसे में बाइक सवार को चोट आई है। शुक्रवार की शाम मजदूरों से भरा माजदा क्रमांक सीजी 10 सी 6705 अचानक ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित हो गया। चालक ने गेयर बदल कर स्पीड कम की लेकिन गाड़ी सीधे नाली में जा घुसा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।हादसे में एक बाइक सवार घायल हो गया, जिसे तुरंत अस्पताल भर्ती कराया गया है। वहीं माजदा में सवार महिला श्रमिकों को भी हल्की चोटें आई हैं। पुलिस ने माजदा चालक को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार बड़ा हादसा टल गया, जिस जगह पर दुर्घटना हुई है, वहां रोजाना सब्जी बाजार लगता है।

# धान खरीदी में हेराफेरी: सहकारी बैंक प्रबंधक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी के गतौरा स्थित धान खरीदी केन्द्र के प्रबंधक, अध्यक्ष और प्रभारी द्वारा मिलकर करीब 919 क्विंटल धान की गफलत करने का मामला सामने आ चुका है। मामले में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

- **1 हजार क्विंटल धान की हेराफेरी कर 28 लाख 51 हजार का गबन**

मामले के अनुसार 30 मार्च को सहायक खाद्य अधिकारी राजीव लोचन तिवारी, सहायक विस्तार अधिकारी गोधुली वर्मा और शाखा प्रबंधक सुशील कुमार पनोरे द्वारा सेवा सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक 1294 गतौरा का निरीक्षण व जांच किया गया। इस दौरान उपार्जित धान के भरती बोर का भौतिक सत्यापन किया गया। केन्द्र में 2310 क्विंटल धान की जगह 1390 क्विंटल धान पाया गया, जिसमें 919.69 क्विंटल धान की कमी पाई गई। मामला सामने आने के बाद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मस्तुरी के शाखा प्रभारी सुशील कुमार पनोरे ने पंजीयन कमांक 1294 के धान खरीदी केन्द्र गतौरा के संस्था प्रबंधक कोमल चंद्राकर, प्राधिकृत अध्यक्ष राजेंद्र राठौर, धान खरीदी प्रभारी लव कुमार यादव एवं कंप्यूटर ऑपरेटर हुलेश्वर धिरही द्वारा धान उपार्जन निर्देश विपणन वर्ष 2025-26 में का उल्लंघन करने और शासकीय धान गबन करने का मामला मस्तुरी थाने में दर्ज कराया। पुलिस ने जांच के आधार पर पाया कि आरोपियों ने मिलकर 919.96 क्विंटल धाान जिसकी रकम 28 लाख 51 हजार रूपये का गबन किया गया है और यह राशि शासन को आर्थिक क्षति है। पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपी कोमल प्रसाद चंद्रकार राजेन्द्र राठौर और हुलेश्वर धीरही को घर में दबिश देकर कर हिरासत में लिया और आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### खरीदी प्रभारी फरार

मामले में केन्द्र के धान खरीदी प्रभारी लव कुमार यादव की संलिप्ता भी संदिग्ध है। थाने में मामला दर्ज होने की खबर लगते ही आरोपी लव कुमार फरार हो गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी कर्रा निवासी कोमल प्रसाद चंद्रकार पिता फागुराम उम्र 46 साल निवासी कर्रा, बजरंग चौक गौतरा निवासी राजेन्द्र राठौर पिता स्व. मल्लूराम राठौर उम्र 64, सुकुलकारी पचपेड़ी निवासी हुलेश्वर धीरही पिता गंगा प्रसाद धीरही उम्र 38 साल को गिरफ्तार किया है।

# मामूली कहासुनी के बाद युवक पर जानलेवा हमला, सिम्स में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तोरवा थाना क्षेत्र में शोभायात्रा देखने के दौरान मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। जहां चार युवकों ने मिलकर एक युवक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी सन्नी श्रीवास पिता संतोष श्रीवास रपटा चौक चांटीडीह में रहता है। उसने तोरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि वह एसी बनाने का काम करता है और 2 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे अपने दोस्त सूरज साहू के साथ पेण्डलवार हॉस्पिटल और आनंद हॉस्पिटल के बीच मेन रोड तोरवा में खड़े होकर शोभायात्रा देख रहा था। इसी दौरान आरोपी प्रियांशु बोले ने सूरज साहू से साइड में खड़े होने को कहा। सूरज के हटने की बात कहने पर आरोपी भड़क गया और विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि इसके बाद प्रियांशु बोले के साथ दयालबंद के रहने वाले साहिल सोनकर, सुरेश और वैभव वहां पहुंचे और सभी ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियांशु बोले ने अपने पास रखी चाकू से सूरज साहू पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में सूरज के पेट, सिर, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए सिम्स अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया।



घटना के बाद तोरवा पुलिस ने आरोपियों प्रियांशु बोले, साहिल सोनकर, सुरेश और वैभव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल सूरज सिम्स में भर्ती है जहां उसका इलाज जारी है।

### बदमाशों ने महिला के साथ की मारपीट

**बिलासपुर।** बदमाशों द्वारा मोहल्ले के लोगों को परेशान करने की नियत से रोजाना गाली गलौज की जाती है, इसका विरोध करने पर आरोपियों ने महिला की पिटाई कर दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपियों पर जुर्म दर्ज कर लिया है। डीजी कालेज के पास रहने वाले वेदमति गोस्वामी पति राजेश कुमार घरेलू काम करती है। खटीक मोहल्ले के कुछ बदमाश लड़के अक्सर गाली गलौज करते हुए मोहल्ले वालों को परेशान करते रहते है। 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर मोहल्ले में हनुमान जयंती की रैली निकाली गई थी। रात करीब 9.30 बजे रैली मूर्गा दुकान के सामने खटीक मोहल्ला पहुंची थी इस दौरान खटीक मोहल्ले के अमन खटीक, सुमीत खटीक, रीतिक खटीक, आयूष खटीक, अभि खटीक, चुन्नी खटीक, चंदन खटीक ने एक राय होकर लाठी, स्टीक और ईट पत्थर से मारपीट करने लगे। इस दौरान रैली में शामिल वेदमति के सिर में चोट लगी और अंकुश यादव, कुनाल रजक, अजय साहू व कई अन्य लोग घायल हो गए। महिला की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मानाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### टोंडर को फिर मिली ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**सेतगंगा-मुंगेली।** अखिल टोंडर को उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का दायित्व पुनः दिया गया है। अपनी नियुक्ति पर अखिल टोंडर ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी ने मुझे पूर्व में भी बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष जोन प्रभारी, प्रवक्ता, महामंत्री, जिला सहसचिव के साथ उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जैसी जिम्मेदारी दी, जिसके माध्यम से मैंने कांग्रेस का हाथ मजबूत किया।

### पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष बने मनोहर



**सेतगंगा-मुंगेली।** सेतगगा मंडल से पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष के रूप में मनोहर गबेल बीजातराई को मनोनीत किया गया है। मनोहर गबेल शुरू से ही ग्रामीण क्षेत्र की राजनीति से जुड़े हुए हैं, वे पूर्व में ग्राम पंचायत के सरपंच रहते हुए पार्टी के हित में कार्य करते रहे हैं। पार्टी से उनके जुड़ाव और लगन को देखते हुए उनका मनोनयन हुआ है।

### अनिता को कांग्रेस शहर अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**मुंगेली।** जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली की नई कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें अनिता विश्वकर्मा को शहर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस पर अनिता ने कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। कार्यकारिणी के गठन से कार्यकर्ताओं में उत्साह है और संगठन को मजबूत करने की तैयारी शुरू हो गई है।

### कमलेश बने भाजपा अजा मोर्चा के महामंत्री



**मुंगेली।** नगर पालिका मुंगेली में कार्यरत रहे कमलेश चौहान को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा महामंत्री का दायित्व मिला है। संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं मेहतर मखियार समाज मुंगेली, तखतपुर, सिमगा, पंडरिया, बोडला का अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय महादलित परिसंघ का जिला अध्यक्ष भी रहे है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं मेहतर मखियार समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

### सभी मंडलों में भाजपा आईटी सेल संयोजक, सह संयोजक नियुक्त



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आईटी सेल के अंतर्गत विभिन्न मंडलों में संयोजक एवं सह संयोजकों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में मुंगेली नगर मंडल के संयोजक के रूप में रजनीश सिंह को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि अनिष जैन को सह संयोजक बनाया गया है। जारी सूची के अनुसार जिले के अन्य मंडलों में भी पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिनमें मुंगेली ग्रामीण, सेतगंगा, जरहागांव, लोरमी, पथरिया सहित कई मंडल शामिल हैं। संगठन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। जिला संगठन ने विश्वास जताया है कि, नई आईटी सेल टीम डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पार्टी की नीतियों, योजनाओं और विचारधारा को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने में भूमिका निभाएगी।

### पूर्व नपं अध्यक्ष ग्वाल दास बने कांग्रेस अजा विभाग के जिला अध्यक्ष



**पथरिया।** नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवम बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में सतनामी समाज के सक्रिय समाजिक कार्यकर्ता को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अनुमति से राजकुमार अंचल प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति द्वारा मुंगेली अनुसूचित जाति विभाग का जिला अध्यक्ष (ग्रामीण ) पद पर नियुक्ति प्रदान किया गया है। मुंगेली कांग्रेस जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि कांग्रेस योग्य कार्यकर्ताओं को सम्मान देती है सतनामी समाज के लिये तन मन और धन से कार्य करने वाले ग्वाल दास अनंत को महत्पूर्ण जिम्मेदारी देने से कांग्रेस मजबूत होगी । नवनियुक्त ग्वाल दास अनंत ने नियुक्ति पर संगठन प्रमुखों का आभार व्यक्त करते हुए समाज और संगठन को मजबूत बनाने पूरी निष्ठा से कार्य करूँगा ।

### सेल्समैन से लाखों की लूट की शिकायत मामला निकला झूठा, मामला दर्ज

**कोरबा।** पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा में कृष्णा हुंडई में सेल्समैन का काम करने वाला एक युवक सुबह थाने पहुंचा था और लाखों रुपए लूटने की शिकायत की थी। घटना सामने आते ही पुलिस की टीम हरकत में आई और पुलिस ने पहले पीड़ित से ही पूछताछ की तो वह लगातार बयान बदलना शुरु कर दिया। जिससे पुलिस को यह हो स्पष्ट हो गया कि कोई भी लूटपाट की घटना नहीं है जब पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ किया। जिसपर उसने झूठी रिपोर्ट लिखाने की बात कबूल की। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में अमानत का कायनात का मामला दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि मूलतः बिलासपुर निवासी प्रयांस देवांगन नामक युवक पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा में कृष्णा हुंडई में कलेक्शन का काम करता है। शुक्रवार की सुबह चांपा से 4 लाख 50 हजार रुपए लेकर कोरबा के लिए रवाना हुआ था और रास्ते में आने के दौरान गौ माता चौक के समीप पहुंचा था कि आधा दर्जन युवकों ने उसका रास्ता रोककर लूटपाट करने की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई थी लाखों रुपए लूट की सूचना पाते पुलिस के अधिकारी भी हरकत में आयी और पुलिस ने प्रयांश देवांगन से पूछताछ की तो उसने अपना बयान बार बार बदलना शुरु कर दिया।

## संगठन की कार्यपद्धति व आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा

# पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली



भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल का दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान' का उद्घाटन किया गया, दिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पुन्नूलाल मोहले उपस्थित रहे। मोहले ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर 'भाजपा परिवार एवं विकास' तथा 'हमारे पितृ पुरुष' विषय पर प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। उद्घाटन सत्र में अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, गिरीश शुक्ला स्थाई आमंत्रित सदस्य, शैलेष पाठक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, गुरमीत सलूजा, कैलाश ठाकुर जिला महामंत्रीद्वय, जय प्रकाश मिश्रा उपाध्यक्ष नगर पालिका मौजूद रहे। विधायक मोहले ने समय-समय पर पार्टी के प्रशिक्षण के महत्त्व को बताया तथा प्रशिक्षण की बातों को अपने व्यक्तिगत व सार्वजनिक जीवन में अपनाकर आचरण में लाने का आग्रह किया। पार्टी के प्रशिक्षित वक्ताओं ने अलग अलग विषय पर मार्गदर्शन दिया। इस अभियान में संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रथम सत्र के विषय वैचारिक अधिष्ठान एवं संगठन की भूमिका पर लखन लाल साहू पूर्व सांसद ने अपना विचार रखा व अध्यक्ष के रूप में गिरीश शुक्ला ने सत्र में उपस्थिति रहे। दूसरे सत्र में जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने 'कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि' विषय पर संबोधित किया। अध्यक्ष के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेष पाठक उपस्थित रहे। प्रथम दिवस के समापन पर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ अमन सोनी, ललित शर्मा एवं उनके ग्रुप द्वारा किया गया। दूसरे दिन के प्रथम सत्र के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' को सुना गया। तृतीय सत्र में सोशल मीडिया, एआई एवं नमो विषय पर मुख्य वक्ता सुनील पाठक जिला उपाध्यक्ष ने प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया तथा अध्यक्ष के रूप में राणा प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ उपस्थिति रहे। चतुर्थ सत्र में इतिहास एवं विकास विषय पर शैलेष पाठक प्रदेश कार्य समिति सदस्य ने उद्बोधन दिया। सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री मोहन भोजवानी ने की। पंचम सत्र के वक्त के रूप में गुरमीत सलूजा जिला संयोजक प्रशिक्षण वर्ग व जिला महामंत्री ने बूथ प्रबंधन, आगामी कार्यक्रम व बूथ स्तरीय स्थानिय कार्यक्रम पर बात रखी एवं इस सत्र की अध्यक्षता डॉ संजय वर्मा ने की। छठवें सत्र में अपनी सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन पर लोरमी जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा सिंह ठाकुर ने वर्ग को संबोधित किया। इस सत्र के अध्यक्ष के रूप में पूर्व जिला कोषाध्यक्ष प्रेम आर्य रहे। इसी तरह अंतिम सत्र के विषय कार्य पद्धति पर प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंत्री विनय साहू ने संबोधित किया तथा अध्यक्ष के रूप में जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग के बाद ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उत्तीर्ण एवं सहभागी प्रशिक्षार्थियों को ऑनलाइन प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेई ने दिया। प्रशिक्षण अभियान के नगर मंडल के प्रभारी रामशरण यादव जिला मीडिया प्रभारी रहे। समापन के अवसर पर धन्यवाद अध्यक्ष सौरभ बाजपेई ने ज्ञापिक किया। प्रशिक्षण अभियान में नगर मंडल की अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें महामंत्री महावीर सिंह मनु लाल श्रीवास्तव, अनूप जैन, विजय यादव, विजय बंजारा, शंकर देवांगन, पवन मिश्रा, महेन्द्र पारख, राकेश साहू, यश गुप्ता आदि अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने दी।

### लौदा मंडल में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**पथरिया।** लौदा मंडल में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत आयोजित महाप्रशिक्षण में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपा गया। प्रशिक्षण के दौरान मंडल उपाध्यक्ष हुकुम सिंह ने कार्यकर्ताओं को संगठन हित मे कार्य करने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के प्रमुख वक्ता एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने कहा कि, भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीति संगठन है, जो सशक्त कार्यकर्ताओ के बल से बनी है। हम सभी कार्यकर्ताओं को संघटन के उच्च स्तर पर बैठे संगठन प्रमुखों के व्यक्तियों को गंभीरता से सुनकर आत्मसात करना है, जिससे हम समाज में बताए गए ज्ञान का प्रचार-प्रसार सकें। मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा कर संगठनात्मक कार्यकुशलता पर बल दिया। बैठक में मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हरिशंकर वर्मा, मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी, महामंत्री अरुण साहू, सविता जयसवाल, मंडल उपाध्यक्ष हुकुम सिंह ठाकुर, जिला सहकारी समिति अध्यक्ष सुरेश पटेल, कलेश साहू, आकुंम गेंदले, मोहित बंजारे, भुनेश्वर साहू, सतु सिंह, शुभम मिश्रा, राज कुमार साहू, अनिल साहू, आकाश बंजारे, पायल साहू, चित्ररेख नेताम, बृजबाला शर्मा, संतोष मरावी, चित्रलेखा साहू उपस्थित रहे।

## सरगांव में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महा अभियान



**सरगांव।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सरगांव द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर सरगांव में किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में मंडल के कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी का ध्वजा रोहण दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ किया गया।

उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य नरेंद्र शर्मा जी जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर जी मंडल के अध्यक्ष पोषण यादव जी जनपद की उपाध्यक्ष दीपक का चंद्रशेखर कौशिक जी उपाध्यक्ष गेंद सिंह कौशिक जी महामंत्री अनिल दुबे पंकज वर्मा जी प्रदेश मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा रणजीत सिंह हुरा जी उपस्थित रहे वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों एवं उनके एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, कार्यपद्धति एवं जनसेवा के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया।दो दिवसीय इस प्रशिक्षण में कुल सात प्रमुख विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया, जिनमें संगठन की संरचना एवं कार्यप्रणाली, सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, बूथ प्रबंधन, मतदाता संपर्क, व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। प्रशिक्षण सत्रों में अनुभवी वक्ताओं द्वारा विषयों को सरल एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर कार्य करने की नई ऊर्जा और दिशा मिली। कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने विचार साझा किए और विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। वक्ता के रूप मे क्रेड़ा के अध्यक्ष केबिनेट दर्जा प्राप्त माननीय भूपेंद्र सवन्नी जी प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश पाठक जी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं संगठन से जांजगीर चांपा जिला के सब प्रभारी राजेंद्र वैष्णव जी महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर जिला के उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा जी मंडल अध्यक्ष पोषण यादव नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया कार्यक्रम के समापन अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने एवं आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन हेतु पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मंडल पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

### कांग्रेस की बैठक बूथ व पंचायत कमेटियों के गठन पर चर्चा



**मल्हार।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तूरी के तत्वावधान में बूथ एवं पंचायत कमेटियों के गठन को लेकर लोहर्सी मंडल में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में बूथ व पंचायत गठन में क्षेत्रिय विधायक दिलीप लहरिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोलाराम साहू की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने अपने मार्गदर्शन में शीघ्र बूथ एवं पंचायत स्तर पर कमेटियों के गठन पर जोर देते हुए कहा, मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है। बूथ की मजबूती से ही कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सक्रियता के साथ जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान विधायक ने कहा, बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। हम सभी को मिलकर जमीनी स्तर पर संगठन को इतना सुदृढ़ करना है कि हर बूथ पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो। ब्लॉक अध्यक्ष भोलाराम साहू ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा, बूथ एवं पंचायत स्तर तक सक्रिय टीम तैयार करना आवश्यक है, मस्तूरी क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। ब्लॉक अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, जल्द ही सभी बूथों पर कमेटियां बना ली जाएंगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर कार्य करने का आग्रह किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राम गोपाल साहू, जनपद सदस्य राकेश शर्मा, पूर्व जोन अध्यक्ष द्वारिका साहू, बैगा, पीडी महंत, बलराम घृतलहरे, मीडिया प्रभारी गणेशदत्त राजू तिवारी, अमित मधुकर सहित लोहर्सी मंडल अंतर्गत आने वाली पंचायतों के सभी सक्रिय कार्यकर्ता शामिल रहे।

### बोर खनन कार्य पूरा, ग्रामीणों को मिलेगी राहत



**मल्हार।** मस्तूरी जनपद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डंगनिया में 15वें वित्त आयोग की राशि से पनपीता तालाब में 1.40 लाख की लागत से बोर खनन कार्य सफलतापूर्वक किया गया। पूर्व में गर्मी के दिनों में तालाब के सूख जाने से ग्रामीणों सहित पशु-पक्षियों एवं मवेशियों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ता था, लेकिन इस बोर खनन कार्य से अब उन्हें बड़ी राहत मिलेगी और जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। सदस्य जनपद ज्वाला बंजारे ने बताया कि, यह कार्य ग्रामवासियों के सहयोग, विश्वास और सहभागिता से संभव हो पाया है।इसी क्रम में ग्राम बिनैका में भी 15 वें वित्त आयोग के तहत 1.40 लाख की लागत से बोर खनन कार्य प्रस्तावित है, जिसे शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण किया जाएगा। इस कार्य से वहां के ग्रामीणों को भी बेहतर जल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर भक्ति व उत्साह का अद्भुत संगम शोभायात्रा व झांकी ने किया लोगों के किया आकर्षित



**सरगांव।** हनुमान जन्मोत्सव पर नगर पंचायत सरगांव में भक्ति, उत्साह और भव्यता का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसके पश्चात रथ एवं धुमाल के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के सभी 15 वार्डों से होकर गुजरी, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। नगर में 20 से अधिक स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें चना, बूंदी, फल, हलवा, खीर, पूरी और खिचड़ी सहित विविध प्रसाद वितरित किए गए। नगर के मुख्य मार्गों एवं वार्डों को भगवा ध्वजों से सजाया गया, जिससे पूरा नगर भगवामय नजर आया। शोभायात्रा में गौरेला के साथ हनुमानजी की भव्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, वहीं रथ में प्रभु श्रीराम विराजमान होकर नगर भ्रमण करते रहे। साथ ही नरसिंह अवतार की झांकी ने श्रद्धालुओं को विशेष आकर्षित किया। झांकी का आयोजन नगर की श्रीराम सेना की ओर से किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि, हनुमान जन्मोत्सव का यह आयोजन सरगांव के इतिहास में एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय आयोजन के रूप में दर्ज हुआ है। जिस प्रकार नगरवासियों ने एकजुट होकर श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाया, वह सरगांव की सामाजिक और धार्मिक एकता का प्रतीक है। भविष्य में इस आयोजन को और भी भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। नगर के सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ एवं पूजा-अर्चना की गई। झांकियों को देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान सरगांव पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफल रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम सेना एवं जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सफल आयोजन में पार्षद कृष्णा साहू, उदित साहू, गौरीशंकर साहू, दीपक साहू, दबेश साहू, संदीप साहू, सिद्धार्थ निर्मलकर, राहुल साहू, विपिन साहू, पम्मू साहू, पार्षद मनोज यादव, शिव पांडे, तरुण अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल सहित अनेक लोगों का योगदान रहा।

### पथरिया नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन



**पथरिया।** नगर के मंगल भवन में हनुमान प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर सृजन मंडली एवं 'जी लो जिंदगी जी भर के' टीम व पथरिया के शिक्षकों के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जसपाल छाबड़ा ने कहा कि, रक्तदान को महादान कहा गया है, समाज में जागरूकता लाने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। इससे लोगों में सेवा की भावना विकसित होती है, और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए कहा कि, इससे अनगिनत लोगों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इसमें भागीदारी निभाने की अपील की। शिविर में प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज घनश्याम वर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, रिंकू सिंह ठाकुर, भाजपा महामंत्री टीकाराम वर्मा, गणेश सोनी, बलराम जायसवाल, रघुनंदन कर्माकार, रितेश यादव, हरवश राजपूत, संयोजक मोहिंदर सिंह वर्मा, समिति अध्यक्ष अशोक यादव, ईश्वर जायसवाल, विश्वनाथ राजपूत, मनोज सिंगरौल, दीपक पोर्ते, रुद्र राजपूत, रीना चंद्रवंशी, इंद्रभान कंवर, सुरेश हंस, पवन धुरी, सुखदेव सिंगरौल, यशवंत साहू, रामप्रकाश राजपूत, सालिक ध्रुव, पन्ना नायक, नरेंद्र वर्मा, रामगोपाल वर्मा, घनश्याम कौशिक, लालू सिंगरौल एवं नरेश ध्रुव सहित नगर के युवा साथियों एवं आसपास के ग्रामों के सरपंच व जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही।

### सुंदरकांड पाठ के लिए जुटे श्रद्धालु



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला में हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर हिन्दू युवा मंच के तत्वावधान में नगर के सभी हनुमान मंदिरों में पूजा-पाठ हनुमान चालीसा, सुंदर कांड पाठ एवं प्रसाद वितरण किया गया। इसी क्रम में बरम बाबा मंदिर रुद्र नगर बरेला में हनुमान जन्मोत्सव बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 'जय श्रीराम' व 'जय हनुमान' के जयकारे के साथ हनुमान चालीसा, सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। महाप्रसाद वितरण के साथ विशाल भंडारे का आयोजन हिन्दू युवा मंच बरेला की ओर से किया गया। सफल आयोजन में नोहर सिंह ठाकुर, नरेंद्र पटेल, चित्र पटेल, राहुल पटेल, वेदराम, गौतम पटेल, विक्रम पटेल, मंटू यादव, तितरा पटेल चक्रवर्ती, प्रवीण ठाकुर, सागर सिंह ठाकुर, सुभाष पटेल, लक्ष्मीकांत पटेल, मिथुन पटेल, कमलेश्वर पटेल, अंकेश पटेल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर नपं के अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल, घनश्याम प्रसाद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, सभापति हीरालाल पटेल, सुनीता विजय दीवान, संजय निर्मलकर, बंटी सेमरिया, नितेश पटेल, राजकुमार साहू, जया रमेश पटेल, जगदीश साहू, भगेला धुरी, संजय धुरी, पिंकी गजानंद निर्मलकर, किशन पांडे, तिलक देवांगन, डॉ नवीन पाली, डाकेश कश्यप, विशाल विश्वकर्मा, हेमंत पटेल, भोजराम पटेल, जगदीश यादव, विनोद पटेल, डॉक्टर हरीश, युवा महामंत्री, मुकेश पटेल, सुमन साहू, अतुल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## मसीही समाज के लोगों ने उपस्थित होकर प्रभु यीशु के प्रेम, त्याग और बलिदान को किया याद

# गुड फ्राइडे पर सीएनआई चर्च में श्रद्धा के साथ प्रार्थना सभा



**तखतपुर।** गुड फ्राइडे के अवसर पर तखतपुर स्थित सीएनआई चर्च में प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर कहे गए सात अंतिम वचनों सात वाणियों पर गहन मनन एवं प्रार्थना सभा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिकता के साथ किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में मसीही समाज के श्रद्धालु उपस्थित होकर प्रभु यीशु के प्रेम, त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम का संचालन पादरी नवीन मसीह ने प्रभावशाली ढंग से किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभा सालोमन ने प्रभु यीशु की सातों वाणियों का गूढ़ अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि, क्रूस केवल कष्ट और पीड़ा का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह असीम प्रेम, क्षमा, दया और मानवता के उद्धार का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि, प्रभु यीशु ने अपने अंतिम क्षणों में भी जो वचन कहे, वे आज भी प्रत्येक मनुष्य के जीवन को दिशा देने वाले हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत सातों वाणियों का क्रमबद्ध पठन एवं मनन किया गया। प्रथम वाणी का बाइबिल पठन प्रेजलिन ने किया, जिस पर मुख्य वक्ता प्रतिभा सालोमन ने मनन प्रस्तुत किया। द्वितीय वाणी का पठन निवेदिया मसीह तथा मनन के मसीह ने किया। तृतीय वाणी का पठन नीलिमा मसीह ने किया, जिस पर मनन पादरी नवीन मसीह की ओर से किया गया। चौथी वाणी का पठन ममता पन्ना ने किया गया तथा उस पर सिंधिया रानी ने गहन आध्यात्मिक मनन प्रस्तुत किया। इसी तरह पांचवीं वाणी का पठन एलिशा जार्ज व सीमा सैमुएल ने सारगर्भित मनन किया। छठवीं वाणी का पठन मन्ना बेनेट तथा उस पर नीलेश दिन ने विचार रखे। सातवीं और अंतिम वाणी का पठन स्नेहा दान ने किया, जिस पर मुख्य वक्ता प्रतिभा सालोमन ने गहन और भावपूर्ण मनन प्रस्तुत किया। प्रतिभा सालोमन ने विशेष रूप से क्रूस पर चढ़ाए जाने की घटना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, प्रभु यीशु मसीह ने असहनीय पीड़ा सहते हुए भी मानवता के लिए क्षमा की प्रार्थना की। 'हे पिता, इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं' यह वाणी हमें सिखाती है कि, जीवन में चाहे कितनी भी कठिन परिस्थितियां क्यों न आएं, हमें क्षमा, प्रेम और धैर्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए।

### चर्च में आराधना, प्रभु यीशु के बलिदान को किया गया याद



**मुंगेली।** प्रार्थना भवन में गुड फ्राइडे की विशेष आराधना हुई। चर्च भवन में दोपहर 12 बजे से प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद करते क्रूस पर कहे 7 वचनों का प्रचार मनन प्रार्थना गीतों के साथ किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मसीही लोग उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता रेवरेंट मनीष कुमार लाल ने मसीह यीशु के क्रूस पर जयवंत बलिदान की कथा पर प्रकाश डाला एवं यीशु मसीह के क्रूस पर कहे गए 7 समर्थी वचनों का भेद बताया। स्थानीय पास्टर रॉड्रिक जॉन की अगुवाई में कलीसिया के सभी मसीही लोगों के घर बीते 40 दिनों तक उपवास और प्रार्थना के साथ प्रभु यीशु के वचनों का प्रचार किया गया, जहां मुख्य पुनरुथान पर्व से पहले आज समस्त मानव जाति के पापों के छुटकारे के लिए मसीह यीशु के क्रूस पर हुए बलिदान को याद किया गया। प्रार्थना भवन में विश्व शांति और आपसी प्रेम भाईचारा के लिए विशेष प्रार्थना की गई। मुख्य वक्ता रेवरेंट मनीष कुमार लाल ने परमेश्वर के प्रकाशित संदर्भों की भेद भरी बातों का प्रचार किया । सभी वचनों पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता ने प्रत्येक वाणी के अंतराल में विशेष प्रार्थना गीत गाया। मुख्य वक्ता रेवरेंट मनीष कुमार लाल ने बताया कि, गुड फ्राइडे मसीहीजनों के लिए इसलिए खास हो जाता है, क्योंकि इस दिन मसीह यीशु ने जो क्रूस पर यातनाएं सही वो हमारे लिए सही हमारे लिए अनंत जीवन को प्राप्त करने की व्यवस्था की, ताकि हम उसके साथ हमेशा के लिए रह सकें।